www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 360, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 9 जुलाई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## समुद्री सहयोग से लेकर यूपीआई तक, भारत-इंडोनेशिया ने कई अहम समझौतों पर किए हस्ताक्षर

### आर्थिक व व्यापारिक रिश्तों को देंगे नई रफ्तार

**जकार्ता**

**भारत** और इंडोनेशिया ने मंगलवार को समुद्री सुरक्षा, रक्षा, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल भुगतान जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति देना और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और इंडोनेशिया समुद्री पड़ोसी होने के साथ-साथ रणनीतिक साझेदार भी हैं। दोनों नेताओं ने रक्षा और समुद्री सहयोग को और व्यापक बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

इसके साथ ही, दोनों देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली और एयर-टू-एयर मिसाइल सहयोग समझौते के जरिए रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देने का स्वागत किया। समुद्री क्षेत्र में भी दोनों देशों ने मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस (एमडीए), समुद्री संपर्क, तटीय निगरानी, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर), प्रदूषण नियंत्रण और खोज एवं बचाव (एसएआर) जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं का मानना है कि यह सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करेगा।



बयान में कहा गया है कि भारत और इंडोनेशिया ने समुद्री सुरक्षा एवं सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) के नवीनीकरण और इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा एजेंसी बाकामला आरआई तथा भारतीय तटरक्षक बल के बीच कार्यान्वयन व्यवस्था का भी स्वागत किया। दोनों देशों ने रक्षा उद्योगों के बीच संयुक्त उत्पादन, तकनीक हस्तांतरण, तकनीकी सहायता, क्षमता निर्माण, जहाज निर्माण, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति, रखरखाव एवं मरम्मत (एमआरओ) सुविधाओं की स्थापना, रक्षा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और रक्षा आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने पर भी सहमति जताई। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने सैन्य चिकित्सा संस्थानों के बीच दवाइयों की आपूर्ति को लेकर हो रही प्रगति का भी स्वागत किया। दोनों नेताओं ने माना कि भारत के 'विकसित भारत 2047' और इंडोनेशिया के 'इंडोनेशिया एमास 2045' विजन के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। इसी दिशा में उन्होंने आसियान-भारत व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा को जल्द पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि दोनों देशों के बीच संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापारिक वातावरण तैयार हो सके। इसके बाद दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को और गहरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

दोनों पक्षों ने 2026 में वर्किंग ग्रुप ऑन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट (डब्ल्यूजीटीआई) की दूसरी बैठक, बाइएनियल ट्रेड मिनिस्टर्स फोरम (बीटीएमएफ) की चौथी बैठक और जॉइंट इकोनॉमिक एंड फाइनेंशियल डायलॉग (ईएफडी) की पहली बैठक आयोजित करने पर भी सहमति व्यक्त की। भारत और इंडोनेशिया ने क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। दोनों देशों का लक्ष्य घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के लिए विविध और सुरक्षित सप्लाई चेन विकसित करना है। इसी दिशा में दोनों देशों ने खनिज और स्टील सप्लाई चेन तकनीक के क्षेत्र में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंक इंडोनेशिया के बीच स्थानीय मुद्रा में लेनदेन (लोकल करेंसी ट्रांजैक्शन-एलसीटी) संबंधी दिशा-निर्देशों को जल्द लागू करने की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा वित्तीय सहयोग और मजबूत होगा। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने भारत और इंडोनेशिया के बीच क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर पेमेंट लिंक लागू करने की दिशा में हुई प्रगति का भी स्वागत किया।

## पावर प्लांट अगला निशाना, ट्रंप ने कर दिया बड़ा ऐलान

**अमेरिका**

**डोनाल्ड** ट्रंप ने बुधवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास कई कमर्शियल जहाजों पर हमले के बाद वह ईरान पर फिर से नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर सकते हैं। नाटो शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हम नाकेबंदी फिर से लागू कर सकते हैं। और यह नाकेबंदी सिर्फ. ईरान के लिए होगी, बाकी कोई भी कुछ भी कर सकता है, जाहिर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के साथ भविष्य में होने वाले किसी भी परमाणु समझौते के टिके रहने पर संदेह जताया। उन्होंने पत्रकारों से कहा मुझे पक्का नहीं पता कि ईरान के मामले में ऐसा होगा या नहीं। अगर हम ईरान के साथ कोई समझौता करते हैं, तो मुझे यकीन नहीं है कि वह टिक पाएगा, क्योंकि मुझे वे लोग बहुत बेईमान लगे हैं।



ट्रंप का कहना है कि ईरान के नेताओं ने खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए थोड़ी देर रुकने (टाइमआउट) की मांग की थी। डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों पक्षों के बीच हाल ही में बढ़े हमलों के लिए ईरान को ज़िम्मेदार ठहराया है।

### शेयर बाजार में मची बड़ी हलचलः सेंसेक्स 1,700 अंक से ज्यादा टूटा

**मुंबईः भारतीय** शेयर बाजार में बुधवार को भारी बिकवाली देखने को मिली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों ने बड़े पैमाने पर मुनाफावसूली और बिकवाली की। दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गए।

## क्या तेल के दाम कम न हो इसलिए किए गए होर्मुज में जहाजों पर हमले?



**ईरान**

**ईरान** द्वारा हाल ही में तीन तेल और गैस टैंकरों को निशाना बनाए जाने के बाद इस हमले के पीछे की मंशा को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं. कुछ विश्लेषकों का मानना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल सैन्य या रणनीतिक नहीं, बल्कि वैश्विक तेल बाजार को भी प्रभावित करना हो सकता है.

ईरान ने जिन तीन टैंकरों पर हमला किया, उनमें कतर का एलएनजी टैंकर Al Rekayyat, सऊदी फ्लैग्ड क्रूड ऑयल टैंकर हीटिंल्ल और एक लाइबेरियन फ्लैग्ड टैंकर शामिल था. ईरान का दावा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर उसकी संप्रभुता और नियंत्रण है. उसका कहना है कि केवल ईरान द्वारा निर्धारित समुद्री मार्ग ही सुरक्षित है और मौजूदा युद्ध के बाद यही नई वास्तविकता होगी.

इस हमले के पीछे एक दूसरी कहानी भी सामने आ रही है, जिसे कई विशेषज्ञ और विश्लेषक कांस्पिरेसी थ्योरी के तौर पर देख रहे हैं. इस थ्योरी के मुताबिक, ईरान की कोशिश वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों को ऊंचा बनाए रखने की हो सकती है.

तेल कीमतों का गणित

माना जा रहा है कि यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इससे ईरान को आर्थिक लाभ मिल सकता है.

इसी वजह से कुछ लोगों का दावा है कि ईरान ने जानबूझकर ऐसा हमला किया ताकि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में गिरावट न आए और उसकी तेल बिक्री को फायदा मिले।

## नीट के बाद UGC-NET भी लीक!

**नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने UGC-NET परीक्षा का पेपर लीक होने की आशंका जताई है। कांग्रेस सांसद का यह आरोप तब आया है, जब यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट के सोशियोलॉजी पेपर में शामिल हुए कई उम्मीदवारों ने परीक्षा के पेपर में व्याकरण और स्पेलिंग की गलतियों की शिकायत की थी। NEET UG पेपर लीक के कारण देशभर में हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद गांधी ने पर यह पोस्ट किया है। इन प्रदर्शनों में छात्रों, विपक्ष और छात्र संगठनों ने सख़्त कार्रवाई और शिक्षा मंत्री




धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। बुधवार को '' पर गांधी ने UGC-NET सोशियोलॉजी पेपर से जुड़े कई आरोपों का ज़िक्र किया। कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि पेपर लीक हो गया था और भारत के कुछ हिस्सों में इसे कुल ?2.25 लाख में बेचा जा रहा था। गांधी ने '' पर लिखा कि UGC-NET परीक्षा से ठीक पहले 100 पेज की एक ढळ्क्ष सकुर्लेट की गई थी।

## 0.07% हिस्सेदारी, ये मुझे फंसाने की साजिश है- नितिन

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को केंद्र के इथेनॉल-ब्लेंडिंग प्रोग्राम का जोरदार बचाव किया। उन्होंने हितों के टकराव के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस पॉलिसी से गाड़ियों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने आलोचकों को चुनौती दी कि वे ए20 फ्यूल से किसी पेट्रोल गाड़ी को नुकसान पहुंचने का सबूत पेश करें। साथ ही, उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पहल का मकसद फ्यूल का आयात कम करना, साफ-सुथरे फ्यूल को बढ़ावा देना और किसानों की आय बढ़ाना



है। गडकरी ने उन आरोपों को खारिज कर दिया कि इथेनॉल प्रोग्राम में उनका कोई निजी हित है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का चीनी का कारोबार सरकार की इथेनॉल पॉलिसी से पहले से चल रहा है और इथेनॉल प्रोडक्शन में उनकी हिस्सेदारी न के बराबर है।

उन्होंने कहा कि मुझे इथेनॉल पॉलिसी से कोई फायदा नहीं होता। इथेनॉल प्रोडक्शन में मेरी हिस्सेदारी सिर्फ. 0.07 प्रतिशत है। इतनी कम हिस्सेदारी के साथ, किसी बड़े आर्थिक फायदे का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने उन दावों को खारिज कर दिया कि उन्हें इथेनॉल प्रोग्राम से कोई फायदा होने वाला था। हितों के टकराव (कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट) के आरोपों को खारिज करते हुए गडकरी ने कहा, यह आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है कि मैंने अपने फायदे के लिए इथेनॉल पॉलिसी बनाई। 0.07 प्रतिशत हिस्सेदारी वाला व्यक्ति निजी फायदे के लिए देश की इथेनॉल पॉलिसी को प्रभावित नहीं कर सकता।

### विरोध मार्च के दौरान भिड़े टीएमसी-बीजेपी कार्यकर्ता

## टीएमसी विरोध प्रदर्शन में किस बात पर चढ़ा ममता बनर्जी का

ममता बनर्जी के विरोध मार्च के दौरान जोरदार हंगामा देखने को मिला. विरोध प्रदर्शन के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखाई दे रहा है. वायरल वीडियो में वह एक शख्स को थप्पड़ मारती हुई नजर आ रही हैं, जो तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता बताया जा रहा है.

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक शख्स भीड़ को कंट्रोल करने और ममता बनर्जी के



लिए रास्ता बनाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इसी दौरान ममता ने अपना आपा खो दिया और अपने ही पार्टी कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वायरल हो रहा वीडियो कालीघाट में ममता बनर्जी के घर के बाहर का है, जहां वह घायल हुए टीएमसी कार्यकताओं को गाड़ियों से हॉस्पिटल भेजने का इंतजाम कर रही थीं, इसी दौरान उनको सुरक्षा देने के लिए तृणमूल कांग्रेस के कई कार्यकताओं ने उनको घेर लिया, इसी दौरान उन्होंने अपने पास खड़े एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया. बारुईपुर में 11 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में बुधवार को ममता बनर्जी ने रैली निकाली थी, इसी दौरान बीजेपी और टीएमसी कार्यकताओं के बीच टकराव हो गया, दोनों पार्टियों के बीच बढ़ते बवाल को रोकने के लिए पुलिस को भी दखल देना पड़ा. ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि भाजपा समर्थकों ने रैली को बाधित किया और मार्ग में कई जगहों पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मारपीट की.


उन्होंने कहा, 'उच्च न्यायालय ने हमारी रैली को परमिशन दी थी, लेकिन भाजपा के गुंडों ने इसे रोक दिया. रैली की अनुमति देने वाले कोर्ट के आदेश को पुलिस कैसे नजरअंदाज कर सकती है? भाजपा के गुंडों ने हमारे पार्टी कार्यकताओं को पीट. क्या यही लोकतंत्र है.'

बनर्जी ने आरोप लगाया कि पुलिस निष्पक्ष तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रही।

## बिहार सरकार के 22 बड़े फैसले

**बिहार**

**बुधवार** को बिहार कैबिनेट ने 22 एजेंडा आइटम को मंजूरी दी। इनमें शिक्षा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने, मछली पालन के विकास को मजबूत करने और रीजनल रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम की योजनाओं को आगे बढ़ाने के प्रस्ताव शामिल थे। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिवालय के कैबिनेट हॉल में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की। इन फैसलों में नए केंद्रीय विद्यालयों के लिए जमीन देना, मछली पालन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक खास कॉर्पोरेशन बनाना और पटना को अहम ज़िलों से जोड़ने वाले




रीजनल रैपिड ट्रांज़िट नेटवर्क के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना शामिल है।

कैबिनेट ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले केंद्रीय विद्यालय संगठन को मधुबनी, मुंगेर और मुजफ्फरपुर में पांच-पांच एकड़ जमीन देने को मंजूरी दी है। यह जमीन 30 साल के लिए लीज पर दी जाएगी, जिसे आगे बढ़ाया जा सकेगा, और इसके लिए सिर्फ. 1 रुपये की टोकन लीज राशि तय की गई है। इस कदम का मकसद नए केंद्रीय विद्यालय खोलना और अच्छी शिक्षा व आधुनिक सीखने की सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाना है।

मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर सेक्टर को मजबूत करने के लिए, कैबिनेट ने कंपनीज एक्ट, 2013 के तहत 'बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड' के गठन को मंजूरी दी। इस फैसले के अनुसार, यह कॉरपोरेशन पूरे राज्य में मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के सुनियोजित विकास, संचालन और प्रबंधन की देखरेख करेगा।

## वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू पर सूर्यकुमार यादव ने बढ़ाया हौसला, बोले- भारत का नाम रोशन करेंगे युवा बल्लेबाज

**नई दिल्लीः भारतीय** क्रिकेट के युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखते ही इतिहास रच दिया है। बिहार के रहने वाले 15 वर्षीय बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत के लिए पदार्पण किया और सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उनके इस खास उपलब्धि पर विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव ने युवा बल्लेबाज का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वैभव भारतीय क्रिकेट का नाम दुनिया में रोशन करेंगे।

सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया पर दी वैभव को शुभकामनाएं

सूर्यकुमार यादव ने वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू के बाद सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कहा कि वह इस युवा खिलाड़ी के लिए बेहद खुश हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि वैभव आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट को गौरवान्वित करेंगे। सूर्यकुमार ने लिखा कि वह हमेशा युवा खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और जानते हैं कि टीम के खिलाड़ी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने वैभव को सलाह दी कि वह अपने हर पल का आनंद लें और देश का नाम आगे बढ़ाते रहें।

## राम मंदिर चढ़ावा विवादः विपक्ष पर भड़के सीएम योगी

### "सपा के लोगों को ठेके, पट्टे और जमीन कब्जे से ही नहीं समय मिल रहा

**चित्रकूट**

**चित्रकूट** पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले पर विस्तार से अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि मंदिर में चढ़ावे की गिनती के काम में करीब 150 लोग लगे हुए हैं. ट्रस्ट की ओर से राज्य सरकार को यह जानकारी दी गई थी कि चढ़ावे के पैसे में चोरी की शिकायतें मिली हैं और मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का अनुरोध किया गया था.

मुख्यमंत्री ने कहा, "हमने एक एसआईटी गठित की, जांच की. प्रमाण मिला कि केवल 6 लोग इसमें चोरी करते पाए गए, दो लोग इसमें साजिश का पार्ट थे. कुल 8 लोगों पर आरोप है." उन्होंने बताया कि एसआईटी ने अपनी सिफारिश ट्रस्ट को सौंप दी, जिसके आधार पर ट्रस्ट ने एफआईआर दर्ज करवाई और कार्रवाई भी हो गई.

सीएम योगी ने कहा कि जब दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है तो पूरे ट्रस्ट, अयोध्या और प्रभु श्रीराम की विरासत पर सवाल उठाने का कोई औचित्य नहीं है. उन्होंने कहा, "फिर इसमें पूरे ट्रस्ट को बदनाम करने, पूरे अयोध्या पर उंगली उठाने, प्रभु श्रीराम की विरासत को अपमानित करने का औचित्य कहां से होता है." सीएम ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, "लगता है कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने पूरे भारत की आस्था को आहत करने, प्रहार करने



का ठेका ले लिया है."

चित्रकूट के विकास को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों ने चित्रकूट की पहचान को नुकसान पहुंचाया. उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का आश्रम अस्त-व्यस्त था और चित्रकूट अपनी पहचान के संकट से जूझ रहा था.

उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा, "सपा के लोगों को ठेके, पट्टे और जमीन कब्जे से ही नहीं समय मिल रहा. वो तो सरकार का डंडा है इसलिए वे कब्जा नहीं कर पा रहे, लेकिन गिद्ध दृष्टि तो लगी हुई है." योगी ने यह भी कहा कि अगर 2022 में चित्रकूट से उनकी पार्टी का विधायक चुना गया होता तो चित्रकूट भी अयोध्या की तरह चमक रही होता।

# अपर नगर मजिस्ट्रेट (चतुर्थ) के द्वारा स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का किया गया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज ।** अपर नगर मजिस्ट्रेट (चतुर्थ) जूही प्रसाद के द्वारा बुधवार को समय लगभग प्रात 10.00 बजे स्वरूपरानी नेहरू हास्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विभिन्न विभागों यथा -डेन्टल सर्जरी, रेडियोलॉजी, कार्डियोलॉजी एनस्थीमिया, सामन्य सर्जरी आर्थोपेडिक, मेडिसिन, गायनिक, गैस्ट्रोलाजी, ई०एन०टी०, टी०डी० बेस्ट, पी०एम० एस०एस०वाई आदि विभागों में तैनात चिकित्सकों/ स्टाफ के उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ अपने-अपने निर्धारित ड्यूटी पर उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि दो दिन से एक्स-रे मशीन कार्य नही कर रहीं है। पूछने पर बताया गया कि आज ठीक हो जायगा।स्वरूपरानी चिकित्सालय के ट्रामा सेन्टर के निरीक्षण में एक्सरे के 75 तीमारदार तथा सिटी स्कैन के 9 मरीज उपस्थित मिले। भर्ती मरीजो को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गयी, संतोषजनक स्थिति पायी गयी। ट्रामा ट्रायज में 4 मरीज आज सुबह भर्ती किये गये। गैस्ट्रोलॉजी विभाग के एम०आर०यू० लैब, पोस्ट आपरेटिव वार्ड, आई०सी०सी०यू विभाग का निरीक्षण किया गया, जहाँ व्यवस्थाये संतोषजनक पायी गयी। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि अस्पताल की सभी जॉच मशीने, सीटी स्कैन एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड और एमआरआई सुचारू रूप से क्रियाशील स्थिति में है। किसी भी प्रकार की कोई परेशानी मरीजो/तीमारदारों को जाँच से सम्बन्धित नहीं होती है। वार्डों में विद्युत आपूर्ति निरन्तर हो रही है तथा वार्डों/गलियारों की साफ सफाई अच्छी पायी गयी। विभिन्न वार्डों के सामने तीमारदारों के बैठने की व्यवस्था है। वहॉ पर तीमारदार बैठे मिले, जिनसे अस्पताल के संबंध में जानकारी ली गयी स्थिति संतोषजनक पायी गई।

स्वरूपरानी हास्पिटल के विभिन्न वार्डो, गलियारों/शौचालयों एवं अन्य विभागों की साफ-सफाई तथा भौतिक स्थिति का निरीक्षण किया गया। विभिन्न वार्डो में सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी, परन्तु कुछ स्थानों पर मरम्मत और साफ-सफाई कराये जाने की आवश्यकता है, जिसके लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। आर्थो वार्ड में सफाई की व्यवस्था पूर्णरूपेण नहीं थी। तीमारदारों के वाहनों के पार्किंग व्यवस्था के सम्बन्ध में बताया गया कि वर्तमान समय में पुरानी बिल्डिंग के पास तीमारदारों के लिए कार पार्किंग की व्यवस्था संचालित की जा रही है तथा ट्रॉमा सेन्टर के पास एक नई पार्किंग का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। तीमारदारों के दो पहिया वाहनों के पार्किंग स्थल उपलब्ध है, जो वर्तमान समय में संचालित पाये गये। स्वरूपरानी हास्पिटल में तीमारदारों के लिए दो पहिया, चार पहिया वाहनों को खड़े करने के लिए व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। निरीक्षण के दौरान दलालों की संलिप्ता का कोई तथ्य संज्ञान/प्रकाश में नहीं आया। हास्पिटल में उपस्थित मरीजो/उनके परिजनों से अस्पताल परिसर में पेयजल व्यवस्था के बारे में जानकरी ली गयी, बताया गया कि हास्पिटल में पेयजल की समुचित व्यवस्था है। हास्पिटल परिसर/वार्डो के पास स्थिति पेयजल/वाटर कूलर संचालित अवस्था में है।

# तहसीदार रोशनी सोलंकी ने किया पसना गौशाला का औचक निरीक्षण, मिली खामियां, बीमार पशुओं के इलाज के दिए निर्देश



अखंड भारत संदेश

**पसना।** विकास खंड कोरांव की पसना गौशाला का तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में भारी अव्यवस्था मिली। तहसीलदार ने पाया कि गौशाला में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं है, भूसा रखने का स्थान भी व्यवस्थित नहीं है और हरा चारा व पशु आहार मौके पर उपलब्ध नहीं मिला। कुछ पशु बीमार अवस्था में मिले। तहसीलदार ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कोरांव को तत्काल पशुओं का उपचार कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला का चौकीदार अनुपस्थित मिला। कई पशुओं के कान में टैग नहीं लगे थे और रख-रखाव रजिस्टर भी मौके पर नहीं मिला। पूछताछ में बताया गया कि रजिस्टर प्रधान के पास है। गौशाला में लगा त्रिपाल भी जर्जर हालत में मिला। तहसीलदार ने कहा कि निरीक्षण की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वह समय-समय पर गौशाला का निरीक्षण करती रहेंगी। यदि मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं नहीं मिलीं तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

वहीं, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि कोरांव में कुल 17 गौशालाएं संचालित हैं। लेकिन लगभग 14 महीने से गौशाला अनुश्रवण मूल्यांकन समिति की बैठक नहीं हुई है। उन्होंने इस संबंध में तहसील को तीन बार पत्र भी भेजा, लेकिन बैठक नहीं हो सकी। नियमों के अनुसार तहसील स्तर पर तीन माह में, ब्लॉक स्तर पर हर माह और ग्राम स्तर पर 15 दिन में बैठक होनी चाहिए। गौशाला में जो अव्यवस्थाएं मिली हैं, उनकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

# शंकरगढ़ का महिला अस्पताल खंडहर में तब्दील 50 बेड अस्पताल और महिला डॉक्टर की मांग

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भेजा ज्ञापन, कहा- सीमावर्ती सैकड़ों गांवों की महिलाओं को नहीं मिल रही स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा







अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ में स्थित बारा विधानसभा क्षेत्र का इकलौता महिला अस्पताल वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा है। भवन खंडहर में तब्दील होने से यहां स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं और क्षेत्र की महिलाओं को प्रसव व अन्य इलाज के लिए प्रयागराज या अन्य शहरों का रुख करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर सभासद (नामित) नंदिनी विश्वकर्मा ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को ज्ञापन देकर अस्पताल के जीर्णोद्धार की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि करीब 20-25 वर्ष पहले यह महिला अस्पताल प्रतिदिन दर्जनों प्रसव कराता था। प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र के लगभग 250 गांव तथा मध्य प्रदेश के 50 से अधिक गांवों की महिलाएं इस अस्पताल पर निर्भर थीं। लेकिन वर्तमान में अस्पताल का भवन जर्जर होकर अनुपयोगी हो गया है, जिससे सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।ज्ञापन में अस्पताल का जीर्णोद्धार कर 50 बेड का आधुनिक महिला अस्पताल विकसित करने, महिला डॉक्टरों सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों और पर्याप्त स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती करने तथा सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। सभासद का कहना है कि अस्पताल दोबारा शुरू होने से शंकरगढ़ सहित पूरे बारा क्षेत्र और सीमावर्ती मध्य प्रदेश के हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

# शंकरगढ़ और जसरा में हरियाली का महाअभियान 12 जुलाई को लगेंगे 3.89 लाख पौधे

'एक वृक्ष मां के नाम' थीम पर चलेगा अभियान, वन विभाग ने पूरी की तैयारियां

अखंड भारत संदेश





**शंकरगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 12 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियां शंकरगढ़ वन रेंज में पूरी कर ली गई हैं। वन विभाग ने सभी विभागों को निशुल्क पौधे उपलब्ध करा दिए हैं तथा चिन्हित स्थलों पर पौधे पहुंचाने का कार्य भी पूरा कर लिया है अभियान 'एक वृक्ष मां के नाम' थीम पर संचालित किया जाएगा।

वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने बताया कि शंकरगढ़ रेंज में वन विभाग अकेले 1,18,645 पौधों का रोपण करेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा 1,17,344, पंचायती राज विभाग द्वारा 12,566 तथा राजस्व विभाग द्वारा 11,780 पौधे लगाए जाएंगे। वहीं जसरा क्षेत्र में वन विभाग 1,18,916 तथा ग्राम पंचायत व राजस्व विभाग संयुक्त रूप से 9,765 पौधों का रोपण करेंगे। इस प्रकार दोनों क्षेत्रों में कुल 3.89 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।उन्होंने बताया कि वन विभाग सभी विभागों को गाइड लाइन के अनुसार पौधे उपलब्ध करा रहा है। अभियान में वन विभाग के साथ शिक्षा विभाग, विकासखंड, पंचायती राज, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन भी भाग लेंगे।यह पौधारोपण शिवराजपुर, कोटा, ललई, ओसा, भैंसाहाई, बसहरा उपरहार, कंजासा सहित कई गांवों में किया जाएगा। अभियान के तहत शीशम, सागौन, आंवला, अमरूद, केसिया एवं कट सागवान सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर वृक्ष बनाना भी है। उन्होंने लोगों से ₹एक वृक्ष मां के नाम₹ अभियान से जुड़ने और ₹पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ₹ का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा और पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य साकार हो सकेगा।

# डॉ. बी.आर. अंबेडकर हॉस्पिटल में 12 जुलाई को महा-स्वास्थ्य शिविर

फ्री ओपीडी और जांच-दवाओं पर 50% की भारी छूट

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** रानीगंज स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर हॉस्पिटल में आगामी 12 जुलाई को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।अस्पताल द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस शिविर में क्षेत्र के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों का परीक्षण करेगी। शिविर के दौरान डॉक्टरों का परामर्श शुल्क पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। इसके साथ ही मरीजों को बड़ी राहत देते हुए सभी प्रकार की जांचों एवं दवाओं पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने यह भी साफ किया है कि शिविर के दिन भर्ती होने वाले मरीजों के ऑपरेशन पर विशेष रियायत दी जाएगी तथा भर्ती मरीजों से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

शिविर में मरीजों के इलाज के लिए जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. शिव प्रकाश, जनरल सर्जन डॉ. अनवर अहमद, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र वर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ए.के. सिंह तथा जनरल फिजीशियन डॉ. ए.के. यादव अपनी सेवाएं देंगे।

अस्पताल के प्रबंधक प्रभाष सिंह एवं संचालक सुदीप सिंह ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे 12 जुलाई को आयोजित इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में समय से पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लें और इन अभूतपूर्व स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं।

# घर पर चढ कर लाठी डंडा से पीटा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा पट्टी निवासी सूरज विश्वकर्मा पुत्र ननकू राम का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी एक राय होकर घर पर चढ आए गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मार पीट कर जख्मी कर दिए। घायल सूरज विश्वकर्मा ने मऊआइमा थाना में गुलाब चन्द्र, मक्खन लाल, दीपक कुमार, राकेश कुमार के खिलाफ अभियोग मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# तेज रफ्तार कार की जद में आई आठ साल की मासूम, मौत




**करछना प्रयागराज ब्यूरो ।** थाना क्षेत्र के कुसगढ़ गांव के सामने बुधवार दोपहर के वक्त तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 8 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। कोराव थाना क्षेत्र के उमरी गांव के रहने वाले राजेश कुमार कुसगढ़ नरैना गांव में रिश्तेदारी में आए हुए थे। दोपहर के वक्त सभी लोग अंदर बैठे थे उसी दरमियान उनकी 8 वर्षीय बच्ची मुस्कान खेलते खेलते अचानक करछना- कोहडाऱाट मार्ग पर आ गई। अचानक बच्ची के मार्ग पर आने से तेज रफ्तार कार चालक बेकाबू हो गया और बच्ची को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। जब तक आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तब तक कार चालक मौके से भाग निकला?। सूचना होने पर करछना पुलिस मौके पर पहुंची शव पोस्टमार्टम भेजते हुए जांच में जुट गई है।

# नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**जंघई।** पिलखिनी, जंघई के निवासी रहे स्व. महेंद्र कुमार मिश्रा सेवानिवृत प्रवक्ता के छोटे पुत्र एवं नवोदय विद्यालय वाराणसी में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत नागेश मिश्रा को पूरे जोन में विद्यालय को उत्कृष्ट प्रदर्शन दिलवाने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। नागेश मिश्रा को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने पर परिजनों, ग्रामीणों एवं रिश्तेदारों सहित उनके बड़े भाई राजेश मिश्रा, विनोद मिश्रा, बच्चन मिश्रा प्रधान, समाजसेवी पिंटू मिश्रा, समाजसेवी विनोद मिश्रा, शुभम मिश्रा आदि लोगों ने नागेश मिश्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# पावर हाउस व चारागाह की जमीन पर अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुल्डोजर

अखंड भारत संदेश



**करछना प्रयागराज।** तहसील करछना क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अपना अधिकार जमा कर कब्जा जमाने की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आए दिन सरकारी जमीन पर कब्जा को लेकर दो पक्ष के लोगों में विवाद की स्थिति भी बनी रहती है। लेकिन प्रदेश सरकार के कड़े निर्देश के बाद सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने का अभियान अब तेज कर दिया गई है। शासन के निदेर्शानुसार सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जा को मुक्त करने को लेकर तहसील प्रशासन लगातार कब्जा धारकों पर कार्यवाही कर रही है। बुधवार को उप जिलाधिकारी करछना तपन मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ नैनी क्षेत्र के मामा भांजा तालाब पर पहुंचे। जहां कुछ लोगों के द्वारा विद्युत उप केन्द्र की जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया था। उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में तहसील प्रशासन ने बुलडोजर की कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को गिराकर खाली करा दिया। इसके बाद डांडी में पहुंचकर चारागाह की जमीन को जेसीबी मशीन के माध्यम से कब्जा मुक्त कराया। कार्यवाही के दौरान स्थानी पुलिस बल तैनात रही और इस अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाला कोई भी व्यक्ति हो उसे बक्शा नहीं जाएगा। आगे भी यह अभियान लगातार चलता रहेगा। एक दिन पहले तहसील प्रशासन ने करछना गांव में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्यवाही किया था।

# मांडा में अवैध खनन से सड़क कीचड़ में बदली बारिश के बाद आवागमन बाधित, ग्रामीण परेशान

अखंड भारत संदेश





**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र के निबियरिया सोनकर बस्ती में मल्हिया तालाब के पास की सड़क अवैध मिट्टी खनन और बारिश के कारण दलदली हो गई है। इससे ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क के दक्षिण में स्थित एक मिट्टी के टीले का लंबे समय से अवैध खनन किया गया था। मंगलवार को हुई बारिश के बाद, खोदी गई मिट्टी पानी के साथ बहकर सड़क पर आ गई, जिससे पूरा मार्ग कीचड़ से भर गया। इस स्थिति के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पैदल चलने वाले राहगीरों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से कठिनाई हो रही है। सड़क पर अत्यधिक फिसलन के कारण दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

यह सड़क निबियरिया सोनकर बस्ती को मांडवी देवी धाम, चफला, धरी सहित दर्जनों अन्य गांवों से जोड़ती है। प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान, छात्र-छात्राएं और व्यापारी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, जिनकी दैनिक गतिविधियां बाधित हुई हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध मिट्टी खनन लंबे समय से जारी है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन ने इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते खनन पर रोक लगाई जाती, तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से इस मामले की जांच कर अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सड़क पर जमा मिट्टी और कीचड़ को तत्काल हटवाकर आवागमन सुचारु करने की भी अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो बरसात के पूरे मौसम में इस मार्ग पर आवागमन बेहद कठिन और खतरनाक बना रहेगा।

# प्रयागराज में शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू, उपमुख्यमंत्री ने बांटे हेल्थ कार्ड

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रदेश में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ बुधवार को हुआ। वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना की शुरूआत की, जबकि प्रयागराज के जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लाभार्थी शिक्षकों को प्रतीकात्मक हेल्थ कार्ड वितरित किए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत प्रदेश के करीब 12 लाख शिक्षक, शिक्षामित्र, रसोइया, विशेष शिक्षक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कार्मिक और उनके आश्रितों को आयुष्मान भारत से संबद्ध अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इसे शिक्षकों की सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान डीबीटी के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग और स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र 1200 रुपये भी हस्तांतरित किए गए। प्रयागराज में करीब तीन लाख विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला।

उपमुख्यमंत्री ने 12 जुलाई को ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत प्रदेशभर में 35 करोड़ पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी योजना को शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# खबर का असर : समाचार प्रकाशित होते ही हरकत में आया जलकल विभाग, गड्ढे पर हुई बैरिकेडिंग, शुरू हुआ मरम्मत कार्य

## जलकल विभाग की जूनियर इंजीनियर खाना पूर्ति करके चली गई





**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चक रघुनाथ वार्ड नंबर-20 जमुना नगर की गली में सीवर लाइन के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे को बिना बैरिकेडिंग के छोड़ देने से लगातार हादसे हो रहे हैं। समाचार प्रकाशित होने के बाद जलकल विभाग हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की गई। सोमवार देर रात नैनी के मेवा लाल की बगिया निवासी शुभम तिवारी (22), जो नैनी बाजार स्थित एक कपड़े की दुकान में कार्यरत हैं, दुकान से घर लौटते समय बाइक सहितगड्ढे में गिर गए। हादसे में उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। इससे पहले एक दूध विक्रेता भी साइकिल सहित उसी गड्ढे में गिरकर घायल हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के कारण गड्ढे में पानी भर गया था, जिससे उसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि ठेकेदार ने खुदाई के बाद सुरक्षा के लिए न तो बैरिकेडिंग कराई और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया। यह मार्ग नैनी बाजार, नैनी रेलवे स्टेशन, मेवा लाल की बगिया और हनुमान नगर को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में यह गड्ढा लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा था। गौरतलब है कि इससे पहले लेप्रोसी रोड पर भी सरकारी खुदाई के दौरान बने गड्ढे में गिरने से एक युवक की जान जा चुकी है। इसके बावजूद संबंधित ठेकेदारों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही थी। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि यदि कोई बच्चा गड्ढे में गिर जाता, तो पानी भरे होने के कारण बड़ा हादसा हो सकता था। समाचार प्रकाशित होने के बाद जलकल विभाग की जूनियर इंजीनियर (JE) मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले की जांच की। विभाग की ओर से तत्काल गड्ढे के चारों ओर बैरिकेडिंग कराई गई तथा मरम्मत का कार्य भी शुरू कराया गया। हालांकि जांच के दौरान भी एक स्कूटी सवार व्यक्ति गड्ढे में गिर गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की जान लगातार जोखिम में बनी हुई थी। स्थानीय नागरिकों ने समाचार प्रकाशित होने के बाद हुई त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए मांग की है कि शहर में जहां भी सीवर या सड़क की खुदाई की जाए, वहां सुरक्षामानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रतीकात्मक कैशलेस हेल्थ कार्ड वितरित

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय सोरांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी रहे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सुभाष चंद्र, खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी होलागढ़ लाल जी शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी मऊआइमा विमलेश कुमार मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा प्रथम क्षमा शंकर पांडेय तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, कमला नगर के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार सिंह सहित बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय सोरांव द्वितीय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी मऊआइमा विमलेश कुमार मौर्य ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय विशुनदास का पूरा के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के सेल्फी प्वाइंट का भी शुभारंभ



किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों एवं कर्मचारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से सुना तथा उनके संदेशों एवं शिक्षकों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को प्रतीकात्मक कैशलेस हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी ने कहा कि यह योजना शिक्षकों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शिक्षक ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला हैं तथा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षकों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय हैं। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय थरवई के स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं व्यवस्थाओं में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में एआरपी टीम की रीता शर्मा,अखिलेश कुमार शुक्ला एवं संतलाल चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही बृजेश कुमार यादव, अमरीश शुक्ला, संदीप सिंह, अनुराग तिवारी, दयानंद मिश्रा, सुशील शर्मा, सरिता दूबे, श्वेता श्रीवास्तव एवं गायत्री यादव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र नारायण त्रिपाठी एवं शेखर शरण की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## आईजीआरएस शिकायतों के खराब निस्तारण पर डीएम सख्त, कई अधिकारियों को नोटिस

**प्रयागराज।** आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज जनशिकायतों के संतोषजनक निस्तारण में लापरवाही मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई है। शिकायतकर्ताओं से रैंडम बातचीत के दौरान सामने आया कि कई मामलों में अधिकारियों ने संपर्क तो किया, लेकिन शिकायतों का प्रभावी समाधान नहीं किया। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, विभिन्न तहसीलों के उपजिलाधिकारियों, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी संबंधित अधिकारियों को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने और लंबित शिकायतों का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से पांच वर्षीय बच्ची की मौत, चालक फरार

**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के नरैना गांव के सामने बुधवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से पांच वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए वाहन की तलाश शुरू कर दी है ।कोरांव थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी राजेश कुमार अपनी रिश्तेदारी में नरैना गांव स्थित कुशगढ़ मंदिर के पास आए थे ।दोपहर करीब डेढ़ बजे उनकी पांच वर्षीय बेटी चाहत घर के बाहर से अचानक सड़क पर आ गई। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्ची वाहन में फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां कुसुम देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। राजेश कुमार की छह बेटियां हैं। बड़ी बेटी अंजनी की शादी हो चुकी है, जबकि सीमा, निशा, निहारिका, मुस्कान और सबसे छोटी चाहत परिवार के साथ रहती थीं।थाना प्रभारी रणविजय सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# पीएम किसान सम्मान निधि के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री और केवाईसी कराना है बेहद अहम : प्रदीप बाबू

## कहा – प्रकिया पूरी न होने की स्थिति में आगामी किस्त मिलने में हो सकती है समस्या

**मेजा।** शासन के निदेर्शानुसार पीएम किसान सम्मान निधि के लिए सभी किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री और केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में जो किसान यह प्रक्रिया पूरी नहीं करेंगे तो उन्हें आगामी किस्त प्राप्त करने में समस्या हो सकती है। उक्त बातें मेजारोड स्थित राजकीय बीज भंडार प्रभारी प्रदीप बाबू ने बीते सोमवार को फॉर्मर रजिस्ट्री और केवाईसी हेतु आयोजित शिविर के दौरान कही। शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों को विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रकिया पूरी न करने पर ऐसे किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि प्राप्त करने में समस्या हो सकती है। बीज भंडारी प्रभारी ने आगे कहा कि सभी किसान समय रहते यह



फॉर्मर रजिस्ट्री और केवाईसी के लिए किसानों द्वारा दिए गए दस्तावेज की जांच करते प्रभारी प्रदीप बाबू

प्रकिया अवश्य पूरी कर लें ताकि आने वाली आगामी किस्त में उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने किसानों को आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालय पहुंचने और अतिशीघ्र फॉर्मर रजिस्ट्री और केवाईसी की प्रक्रिया पूरी किए जाने की अपील किया है।

# प्रदेश सरकार की कैशलेश चिकित्सीय सुविधा शिक्षकों के लिए है बेहद लाभकारी : नीलम उपाध्याय

## मेजा के विष्णु गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ यूपी के सीएम द्वारा वाराणसी से बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों,अनुदेशकों, शिक्षामित्रों और रसोइयों के कैशलेश चिकित्सीय सुविधा और डीबीटी सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के शुभारंभ का सीधा प्रसारण

**मेजा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से बेसिक शिक्षा विभाग से शिक्षक अनुदेशक शिक्षामित्र रसोइया के लिए कैशलेस चिकित्सीय सुविधा तथा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के शुभारंभ का सीधा प्रसारण बुधवार को मेजा तहसील स्थित विष्णु वाटिका गेस्ट हाउस में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी ने सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद उपजिलाधिकारी मेजा श्रीमती नीलम उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई कैशलेस चिकित्सीय सुविधा और डीबीटी व्यवस्था शिक्षकों कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे चिकित्सा सेवाएं अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनेंगी, साथ ही शिक्षकों कर्मचारियों और उनके परिवारों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा। श्रीमती उपाध्याय ने कहा कि सरकार की





जन हितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सुशासन जनकल्याण की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं डीबीटी जैसी योजनाएं जीवन को सरल बनाने के साथ-साथ व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास को भी मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से सीधे संवाद कर मुख्यमंत्री ने उनकी बहु प्रतीक्षित मांग को पूरा किया है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र ने उपस्थित मेजा उरुवा और मांडा के शिक्षकों, रसोइयों, अ अनुदेशकों, शिक्षामित्रों और माध्यमिक शिक्षकों का मेजा में अभिनंदन करते हुए इस सुविधा के लाभ पर बधाई दी। कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री कैशलेश चिकित्सीय सुविधा कार्ड का प्रतीकात्मक स्वरूप भी वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विक्रमा सिंह ने किया। इस मौके पर प्रदेश परिषद सदस्य कामेश्वर पटेल,व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक अखिलेश मिश्र, भाजपा नेता अमरेश तिवारी, माध्यमिक शिक्षा विभाग से नोडल सुनील सिंह, शिक्षक बीके मिश्र, प्रवीण दुबे, जगदीश निगम, विकास पाण्डेय, विकास यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खंड शिक्षाधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने स्वागत भाषण के पश्चात मौजूद अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट किया और कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई ये योजनाएं कर्मचारी हित में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल हैं, जिनसे चिकित्सा सुविधाएं और आर्थिक लाभ वितरण की प्रक्रिया अधिक सरल एवं पारदर्शी होगी। कार्यक्रम का सफल संचालन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मेजा इकाई के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया। कार्यक्रम में तहसील मेजा के अंतर्गत मांडा उरुवा मेजा ब्लॉक के बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं कर्मचारी, शिक्षा मित्र, अनुदेशक जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा तथा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का स्वागत किया।

# नवागंतुक एसीपी बृजेश पाठक से शिवसेना प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार मुलाकात दी बधाई

## कहा – क्षेत्र की जनता को नवागंतुक एसीपी मेजा से है बड़ी उम्मीदें, आम लोगों की समस्याओं को निष्पक्ष समाधान को लेकर जताया भरोसा



**मेजा।** शिवसेना पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल नवागंतुक एसीपी मेजा बृजेश पाठक से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें मेजा की नई जिम्मेदारी के लिए बधाईयां दीं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की जनसमस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि जनता को एसीपी बृजेश पाठक से काफी उम्मीदें हैं और विश्वास जताया है कि वे आम लोगों की समस्याओं का निष्पक्ष एवं त्वरित समाधान करेंगे। शिवसेना पदाधिकारियों ने एसीपी बृजेश पाठक को आश्वस्त किया है कि जनहित के कार्यों में शिवसेना हमेशा शासन प्रशासन के सहयोग में रही है। इस अवसर पर काशी प्रांत संयोजक चंद्रमा प्रसाद शुक्ल, मंडल प्रभारी बबलू उपाध्याय, अनिल पटेल, सुरेंद्र सिंह, संदीप सिंह तथा दीपक सिंह आदि के अलावा कई अन्य शिवसेना पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# टीजीटी मुख्य परीक्षा 11 जुलाई को, प्रयागराज में 23 केंद्रों पर 9,376 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक अध्यापक (टीजीटी) मुख्य परीक्षा-2025 को निष्पक्ष और नकलविहीन कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार को जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। 11 जुलाई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक 23 केंद्रों पर आयोजित होगी, जबकि संगीत विषय की परीक्षा दोपहर 3:00 से शाम 6:00 बजे तक एक केंद्र पर होगी। परीक्षा में कुल 9,376 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों सहित सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बावली हनुमान मंदिर बना गंगा जमुनी तहजीब का साक्षी : भारतगंज में नवनिर्माण शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु, महापौर भी रहे मौजूद

**मांडा -प्रयागराज।** यमुनापार के मांडा क्षेत्र स्थित नगर पंचायत भारतगंज में बावली हनुमान मंदिर के नवनिर्माण की शुरूआत शोभायात्रा के साथ हुई। मंगलवार शाम को आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान गंगा-जमुनी तहजीब का अनूठा उदाहरण भी देखने को मिला। भगवान श्रीराम और संकटमोचन हनुमान के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और भजनों से क्षेत्र गूंजायमान रहा। सुसज्जित झांकियां, भगवा ध्वज और भजन-कीर्तन की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता ने आयोजन को भव्य बना दिया। मंदिर समिति के शुभम केशरी उर्फ डंकू ने बताया कि बावली हनुमान मंदिर के नवनिर्माण को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। भारतगंज कस्बा मुस्लिम बहुल होने के बावजूद, स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने शोभायात्रा की व्यवस्था और अन्य कार्यों में सहयोग देकर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।

इस अवसर पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, मांडा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह, शुभम केशरी उर्फ डंकू, अरुण केशरी, अवधेश केशरी, शांति भूषण द्विवेदी, डब्बू केशरी, जुगनू केशरी, सभासद तबस्सुम, जावेद अहमद, चमन राइन, अब्दुल कादिर, शब्बीर अहमद, निशार भाई, वाज भाई और तौफीक अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# प्रयागराज में मांडा पॉलिटेक्निक कॉलेज में वृहद पौधरोपण : संस्थान को हरित बनाने का संकल्प लिया गया

**मांडा -प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के वन महोत्सव-2026 के तहत मांडा स्थित लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक में एक वृहद पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान परिसर को हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से छायादार, फलदार और सजावटी प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना भी संस्थान की प्राथमिकता है। उन्होंने जोर दिया कि पौधरोपण तभी सफल होगा, जब सभी लोग पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी निभाएंगे।

इस कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य भार्गव प्रकाश मौर्य, विभागाध्यक्ष




अमरेंद्र प्रताप सिंह, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी पवन केशरी, शिक्षक सुनील कुमार एवं अभय प्रताप सिंह, एकाउटेंट सुनील कुमार पांडे, लिपिक दिनेश कुमार गौड़ सहित संस्थान के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। वन विभाग से वन दरोगा आदर्श त्रिपाठी, आशुतोष सिंह, वनरक्षक राजेश कुमार, अनिल कुमार यादव और अन्य कर्मचारियों ने भी पौधरोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर चैमरी गांव में बुधवार सुबह घर के पास नीम के पेड़ से 26 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय मेवालाल गौतम के सबसे छोटे पुत्र मनजीत गौतम (26) के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, मनजीत रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहकर काम करता था और करीब दो माह पहले घर लौटा था। मंगलवार रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद वह सोने चला गया। बुधवार सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने नीम के पेड़ से उसका शव लटकता देखा। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बेटे का शव देखकर मां सुनीता गौतम बेसुध हो गईं। मृतक दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। पिता का पहले ही निधन हो चुका है।सूचना पर चैकी प्रभारी हेमंत कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।चैकी प्रभारी हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि चार दिन पहले भी युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन बेल्ट टूट जाने से वह बच गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि करीब एक सप्ताह पहले इसी गांव की एक युवती ने भी आत्महत्या की थी, जिसका अंतिम संस्कार परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए कर दिया था। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा।

## युवक के शव का अंतिम संस्कार करने से परिजनों ने किया इनकार



**कुंडा।** महेशगंज थाना क्षेत्र के शिवगंज मजरे नारियांवा गांव में बीते 7 जुलाई की रात 1 बजे के करीब एक युवक विजय सरोज पुत्र श्यामलाल का शव घर से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ से लटका हुआ मिला। काफी खोजबीन के पश्चात जब परिजनों ने युवक के शव को नीम के पेड़ से लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही महेशगंज पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके पश्चात मृतक की पत्नी मीना ने महेशगंज पुलिस को पड़ोस के ही कुछ लोगों पर हत्या करने की आशंका जताते हुए लिखित तहरीर दी। पोस्टमार्टम के बाद 7 जुलाई को शव करीब शाम चार बजे के करीब घर पहुंचा तो घर में चीत्कार मच गई। 8 जुलाई को सुबह जब मृतक के भाई मुंबई से वापस आए तो आक्रोशित परिजन अंतिम संस्कार को राजी नहीं हुए। मौके पर बवाल होने की आहट देखकर थानाध्यक्ष महेशगंज पूरी फोर्स के साथ मृतक के घर पर पहुंच गए। जहां मृतक के भाई राजकुमार, मोनू, राजेश तथा तीन दर्जन से अधिक महिलाएं पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगने लगी। बाद इसके मौके पर परिजन उपजिलाधिकारी कुंडा को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। जिसके पश्चात मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी कुंडा वाचस्पति सिंह को परिजनों ने परिवार के भरण पोषण हेतु दस लाख की आर्थिक सहायता,अदो बीघे भूमि का आवंटन, आवास समेत पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर कार्यवाही करने की मांग की। जिसके बाद आक्रोशित परिजन शव को लेकर अंतिम संस्कार को चले गए। मामले में थानाध्यक्ष महेशगंज संदीप कुमार त्रिपाठी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। लगाए गए आरोपों के संबंध में जांच की जा रही है। शीघ्र ही सच्चाई सामने आएगी। उपजिलाधिकारी कुण्डा का कहना है कि मृतक के परिजनों ने पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। घटना दुखद है। उच्चाधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया गया है। मांग से संबंधित रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 4 साल की सजा, 5 हजार का जुर्माना



**कुंडा।** पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय स्पेशल जज गैंगस्टर कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के एक अभियुक्त को 4 वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया है। 26 सितंबर 2000 को थाना मानिकपुर में गुदुन पुत्र रोधई पासी निवासी शेखपुर आशिक थाना कुण्डा के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त के विरुद्ध 05 दिसंबर 2000 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक के आदेश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में त्वरित दंडात्मक कार्रवाई के लिए प्रतापगढ़ पुलिस विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र के पर्यवेक्षण एवं पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में पुलिस व अभियोजन की सशक्त पैरवी से अभियुक्त को सजा दिलाई गई। न्यायालय स्पेशल जज गैंगस्टर कोर्ट ने सुनवाई के बाद दोषी गुदुन पुत्र रोधई पासी को 4 वर्ष का कठोर कारावास व 5,000 रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदण्ड न देने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में एडीजीसी अंबिकेश मणि त्रिपाठी, विवेचक तत्कालीन थाना अध्यक्ष डी0 के0 उपाध्याय व थाना मानिकपुर के पैरोकार का0 मनोज भारद्वाज की प्रभावी पैरवी रही।

### जेठवारा पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार



**कुंडा।** पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी सदर रविन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जेठवारा नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। थाना जेठवारा पर पंजीकृत दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभिषेक झा पुत्र रामकिशन उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम गिदवाहा थाना मडावरा जनपद ललितपुर को 8 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत खुईलन धाम मन्दिर नेवाडी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी टीम में उ0नि0 लक्ष्मीकान्त शर्मा, का0 शैलेष चैहान शामिल थे। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### हत्या के मामले में 25 हजार का ईनामिया गिरफ्तार

**कुंडा।** थाना जेठवारा पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के ईनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी सदर रविन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जेठवारा नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। दिनांक 29.06.2026 को थाना जेठवारा क्षेत्र के ग्राम पूरेचन्दन खटवारा निवासी अनिल सिंह ने सूचना दी थी कि पुरानी रंजिश के कारण पिन्टू वर्मा, जितेन्द्र वर्मा उर्फ जीतू, अरुण वर्मा, तेज बहादुर वर्मा तथा तीन अज्ञात लोगों ने एक राय होकर उनके भाई को गोली मार दी थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस सूचना पर थाना जेठवारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। मुखबिर की सूचना पर 8 जुलाई को पुलिस टीम ने हत्या के मामले में वांछित जितेन्द्र वर्मा पुत्र ललई वर्मा उम्र करीब 33 वर्ष निवासी चन्दन का पुरवा मौजा खटवारा को ग्राम उमरौडा स्थित अन्त्येष्टि स्थल के पास पुलिया के निकट से गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, का0 सर्वेश चैरसिया, रि0का0 गौरव चैहान, चालक हे0का0 अशोक सिंह शामिल रहे। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### एक आरोपी गिरफ्तार, चोरी की साइकिल हुई बरामद

**पट्टी।** पुलिस ने बंद मकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की गई साइकिल भी बरामद की है। मामले में पीड़ित दुर्गेश शर्मा की तहरीर पर थाना पट्टी में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, रामपुर खागल निवासी दुर्गेश शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर पीतल व स्टील के बर्तन, साइकिल, स्टील की टंकी, सोने-चांदी के आभूषण, खाद्यान्न, गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रामपुर खागल निवासी मनीष शर्मा (23) को पृथ्वीगंज बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी अंकुश के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि चोरी का अनाज, बर्तन और गैस सिलेंडर फेरी वालों को बेच दिया, जबकि सोने-चांदी के आभूषण सूरत में बेच दिए। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की साइकिल भी बरामद कर ली। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### प्रवक्ता पद पर मेधावी का हुआ चयन, जताई गयी खुशी

**लालगंज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी परीक्षा में मेधावी के चयनित होने पर परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगर पंचायत के नेताजी पुरम निवासी पूर्व शिक्षक श्रीनारायण तिवारी के पुत्र चन्द्रभाल तिवारी ओम का चयन पीजीटी परीक्षा में इतिहास प्रवक्ता के पद पर हुआ है। मेधावी चन्द्रभाल ने सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिवार को दी है। मेधावी की सफलता पर बुधवार को परिवार के सदस्यों व सुभेच्छुओं ने खुशी साझा की। समाजसेवी प्रकाश चन्द्र मिश्र, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, सुन्दर लाल तिवारी, शारदा प्रसाद तिवारी, चन्द्रिका प्रसाद तिवारी, श्याम नारायण तिवारी, उमेश शुक्ल, अतुल शुक्ल, सप्तर्षि शुक्ल, विष्णु सिंह, सूर्यनारायण तिवारी, रवीन्द्रनाथ शुक्ल, दुर्गा प्रसाद तिवारी, ज्वाला प्रसाद तिवारी, शिवमूर्ति तिवारी, डा. भगवानदीन तिवारी, डा. रामसमुझ तिवारी, अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद तिवारी, सुरेशनारायण तिवारी, जूनियर शुक्ल, अनुज शुक्ल आदि ने खुशी जतायी है।

## निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर वृद्ध की मौत

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सोनपुरा बनहरा गांव निवासी 62 वर्षीय लालजी यादव की निमार्णाधीन मकान की छत से गिरने के कारण मौत हो गई। बुधवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा, जहां परिजनों ने इब्राहिमपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। बताया गया कि मंगलवार को लालजी यादव अपने निमार्णाधीन मकान की छत पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़े। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए ढकवा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर आसपुर देवसरा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज, प्रतापगढ़ भेज दिया। बुधवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा, जहां से परिजन इब्राहिमपुर घाट ले गए और अंतिम संस्कार किया। मृतक अपने पीछे पत्नी अनार देवी, पुत्र कपिल देव व शिव कुमार सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना ने बदली निशा परवीन की तकदीर

### आत्मनिर्भरता के साथ 1500 महिलाओं को मिला रोजगार और सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद की उद्यमी निशा परवीन ने उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना का लाभ उठाकर न केवल अपना स्वयं का उद्योग स्थापित किया, बल्कि हजारों महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना अनेक युवाओं और महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रतापगढ़ जनपद निवासी निशा परवीन




पत्नी अजहर हुसैन लंबे समय से स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने का सपना देख रही थीं। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण यह सपना पूरा होता नहीं दिख रहा था। तभी उन्हें मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना की जानकारी मिली। उन्होंने योजना के अंतर्गत आवेदन किया और उनका 10 लाख रुपये लागत का सैनिटरी नैपकिन निर्माण परियोजना स्वीकृत हो गई। इस परियोजना के लिए पंजाब नेशनल बैंक रमईपुर दिसनी प्रतापगढ़ द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई। सरकारी सहयोग मिलने के बाद निशा परवीन ने आधुनिक तकनीक से युक्त सैनिटरी नैपकिन निर्माण इकाई की स्थापना पृथ्वीगंज बाजार पट्टी में की। आज उनकी इकाई में महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं किफायती सैनिटरी नैपकिन का निर्माण और विक्रय किया जाता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को उचित मूल्य पर स्वच्छता संबंधी उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी लगातार बढ़ रही है। इस उद्योग की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सामाजिक परिवर्तन की एक नई शुरूआत हुई है। आज इस पहल से लगभग 1500 महिलाएं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। कई महिलाओं को नियमित रोजगार मिला है, जबकि अनेक महिलाएं वितरण, विपणन और जागरूकता अभियान के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। निशा परवीन स्वयं भी आज एक सफल महिला उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि सरकारी योजनाओं का सही समय पर सही तरीके से लाभ उठाया जाए, तो कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। उनका यह प्रयास आज जनपद की अन्य महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। अनेक लोग उनके कार्य से प्रेरित होकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। सैनिटरी नैपकिन निर्माण के साथ-साथ उनकी संस्था गांव-गांव और गली-गली जाकर महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक कर रही है। इससे समाज में जागरूकता बढ़ी है और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर खुलकर चर्चा का सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है।

## लालगंज-कालाकांकर मार्ग की सड़क बदहाल




**कुंडा।** मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ को कई बड़ी सौगातें दी हैं। इसके लिए क्षेत्रवासियों ने आभार जताया है। लेकिन इसी के साथ लालगंज-कालाकांकर मार्ग की बदहाल स्थिति और गड्ढों को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास की नई घोषणाओं के साथ पुरानी समस्याओं का समाधान भी उतना ही जरूरी है। लंबे समय से इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़क हादसों का कारण बन रही है। राहगीरों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## जमीन विवाद में घर में घुसकर हमला चार घायल, इलाज के दौरान युवक की मौत

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के कोनी गांव में जमीन को लेकर चल रहे विवाद में बुधवार दोपहर दबंग पड़ोसियों ने एक परिवार पर घर में घुसकर हमला कर दिया। हमले में महिला सहित 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की हालत नाजुक होने पर उसे प्रयागराज रेफर किया गया है। जहां इलाज के दौरान प्रवेश पटेल 14 की मौत हो गई सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

कंधई थाना क्षेत्र के कोनी गांव निवासी निवासी पृथ्वीपाल पटेल ने कंधई पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पड़ोसी स्व. रामअचल वर्मा की पत्नी दीपवती देवी से जमीन बंटवारे को लेकर तहसील में मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि बुधवार को दिन में करीब 12 बजे जब पृथ्वीपाल तहसील गया था, तब घर पर पत्नी परमीला देवी (45), बेटे प्रवेश (14) इंद्रेश (11) व बेटी प्रतिभा (16) मौजूद थे। इसी दौरान पड़ोसी सोनू, राहुल, रोहित और उनकी बेटी मंजू ने घर की जमीन पर जबरन खंता और मेड़ बनाकर कब्जा करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी, सारिया, लाठी और अन्य हथियारों से हमला बोल दिया। शोर



सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर भाग निकले। घायलों को 108 और 102 एंबुलेंस से पहले सीएचसी कोहंडौर ले जाया गया। वहां हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ रेफर किया गया। जिला अस्पताल में प्रवेश की हालत नाजुक होने के कारण उसे प्रयागराज मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जहां प्रवेश की इलाज के दौरान मौत हो गई, अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि जानकारी मिलने पर तत्काल तहरीर के आधार पर कंधई पुलिस कार्रवाई के साथ आरोपी की तलाश में जुट गई है, आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## जर्जर सड़क के लिए किसान नेता ने कराया मुंडन



**पट्टी।** विकासखंड आसपुर देवसरा के अमरगढ़ बाजार से राजा बाजार जौनपुर जनपद को जोड़ने वाली सड़क की खस्ता हाल देखकर बुधवार को चंदन सिंह पटेल किसान नेता अमरगढ़ बाजार पहुंचकर सड़क पर अपने समर्थकों के साथ धरना देकर सड़क बनवाए जाने की मांग की है। बतादें कि अमरगढ़ से राजा बाजार को जोड़ने वाली सड़क बुरी तरह टूट कर बिखर गई है जगह जगह जल जवाब के साथ सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो चले है। हजारों की संख्या में राहगीरों का आना-जाना होता है सड़क टूटने के कारण आए दिन राहगीर सड़क पर फैली गिट्टियों पर गिरकर चोटिल हो होते हैं। किसान नेता ने कहा की मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का आगमन जनपद में हुआ तो केपी कॉलेज से पुलिस अधीक्षक आवास की तरफ जाने वाली सड़क रातों-रात बन सकती है तो आम जनता की सड़क क्यों नहीं बन सकती आपको बता दूं की चंदन सिंह पटेल किसान आंदोलन में बढ़-चढ़कर किसान नेता राकेश टिकैत के साथ टिकरी बॉर्डर पर लंबे समय तक झरने पर बैठ चुके है।

## सर्वेक्षण में आईटीआई संस्थान के अव्वल आने पर जतायी गयी खुशी




**लालगंज।** नगर पंचायत लालगंज के सलेम भदारी वार्ड स्थित पुनीत आईटीआई के जनपद में स्कोर ग्रेड में प्रथम स्थान हासिल करने पर शिक्षकों व छात्रों में खुशी का माहौल देखा गया। भारत सरकार के डीजीटी कौशल विकास और उद्यमियिता मंत्रालय द्वारा प्रदेश भर के आईटीआई संस्थानों का सर्वेक्षण कराया गया। सर्वेक्षण के दौरान आईटीआई संस्थानों को शैक्षिक व्यवस्था, महिलाओं की भागीदारी, ट्रेड विविधता आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। इसके उपरान्त आईटीआई ग्रेड स्कोर कार्ड जारी किया गया। पुनीत आईटीआई के प्रबंध निदेशक डा. सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि सर्वेक्षण में इस संस्थान को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। संस्थान के जिले में प्रथम स्थान हासिल करने पर संस्थान की अध्यक्षा डा. पूर्णिमा मिश्रा, प्रबंधक डा. वर्तिका मिश्रा, इं. नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, इ. सुनील कुमार पाण्डेय, डा. पुरूषोत्तम शुक्ल ने उपलब्धी को गौरवपूर्ण कहा है। वहीं इं. अतुल कुमार, इ. दिनेश शुक्ल, अनिल पाण्डेय, इमरान हुसैन, राघवेन्द्र तिवारी, इ.श्री शुक्ल, कृष्ण कुमार यादव, अभिषेक पाण्डे, मनोज तिवारी आदि ने खुशी जतायी है।

## बेटियां लापता केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** पिता की डांट फटकार से क्षुब्ध दो बेटियों के अचानक लापता होने से परेशान पिता ने लालगंज पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नेताजीपुरम निवासी संदीप कुमार सोनी पुत्र रामलखन ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जुलाई को उसने अपनी पुत्री राधा 18 तथा रोशनी 15 को किसी बात पर डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर दोनों बेटियां घर से कहीं चली गयी। पीड़ित ने बेटियों के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का जनपद में हुआ सजीव प्रसारण

### शिक्षकों को वितरित किए गए प्रतीकात्मक कार्ड


**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से प्रति विद्यार्थी 1,200 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई। साथ ही शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू निष्पादित किया गया तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रतापगढ़ स्थित श्री हरि पैलेस में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी', विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, पार्टी पदाधिकारियों ने सहभागिता करते हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' एवं जनप्रतिनिधियों ने बेसिक शिक्षा विभाग के 11 तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के 5 शिक्षकों सहित कुल 16 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए। इसके अतिरिक्त स्वच्छ एवं हरित विद्यालय योजना के अंतर्गत चयनित 11 विद्यालयों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं पुस्तकें वितरित की गईं। अपने संबोधन में मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक ही राष्ट्र के भावी नागरिकों का निर्माण करते हैं, इसलिए प्रदेश सरकार उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक तथा अन्य शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके कंधों पर राष्ट्र के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, संस्कारयुक्त शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी तथा उन्हें आर्थिक चिंता से मुक्त होकर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं उपस्थित प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# हाईवे पर भीषण हादसा,अज्ञात वाहन की टक्कर से चार युवकों की मौत

**पिकअप का पंचर बनाते समय हुआ हादसा, इलाज के दौरान चारों ने तोड़ा दम; सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस**

अखंड भारत संदेश






**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के प्रयागराज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लिलोकपुर गांव के पास मंगलवार की आधी रात दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब कंगन होटल के सामने सड़क किनारे खड़ी चारपाइयों से लदी एक पिकअप का पंचर बनाया जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने वहां काम कर रहे चारों युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सैनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज मंझनपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान चारों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान साबिर व अकबर पुत्रगण शरीफ निवासी वार्ड संख्या-10, सराय सिराथू थाना सैनी,अनवर पुत्र स्वर्गीय मुमताज निवासी मूरतगंज थाना संदीपन घाट तथा एहसान पुत्र स्वर्गीय सपातुल्लाह निवासी रसूलपुर थाना कोखराज के रूप में हुई है। एक साथ चार युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर और मृतकों के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है,ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके।स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियमों के प्रभावी पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## क्लब हाउस में लगी भीषण आग लाखों का जला सामान

**समय रहते फिर नहीं पहुंच सका अग्नि शमन विभाग**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र में स्थित शिवानी क्लब हाउस में भीषण आग लग गई आग लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस के साथ-साथ फायर ब्रिगेड को दिए गए लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड के अधिकारी आग बुझाने का यंत्र लेकर मौके पर नहीं पहुंचे है जब मौके पर सब कुछ जलकर खाक हो गया है तो उसके बाद अग्निशमन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे है क्लब में आग जाने से भारी तबाही मच गई है।आग लगते ही क्लब हाउस में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में क्लब हाउस में रखे हुए व्यापारी का सामान,फर्नीचर और अन्य जरूरी सामग्री जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।आग की वजह से व्यापारी को लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा दुखद बात यह रही कि अग्नि शमन विभाग की फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने की सूचना देने के बाद भी दमकल की गाड़ी करीब 20 मिनट बाद तक मौके पर नहीं पहुंच सकी, जबकि फायर स्टेशन से घटना स्थल की दूरी मात्र 2 किलोमीटर ही है। समय पर मदद न मिलने के कारण नुकसान और बढ़ गया।अग्नि शमन विभाग सूचना के बाद भी समय पर नहीं पहुंचता है और जब तक अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचता है सब कुछ जलकर नष्ट हो जाता है शिवानी क्लब हाउस के प्रोवाइडर अमन गुप्ता ने प्रशासन से मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए,दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो और प्रभावित व्यापारियों को उचित मुआवजा दिया

## ननिहाल आए बच्चे दुर्घटना के हुए शिकार एक बच्चे की मौत एक बच्ची घायल

अखंड भारत संदेश

**पीपल का पेड़ काटने के दौरान बिजली के खंभे पर डाल गिरने से हुआ दर्दनाक हादसा**



**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव में पीपल का पेड़ काटने के दौरान पेड़ की डाल बिजली के दो खंभे पर गिर गई जिससे बिजली के दोनों खंभे जमीन पर गिर गए इसी बीच वहां दो छोटे-छोटे बच्चे खेल रहे थे दोनों बच्चों के ऊपर बिजली के खंभे गिर गए जिससे एक बच्चे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है और एक बच्ची गंभीर घायल है दुर्घटना के बाद गांव के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है और मृतक बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है टेवा गांव की एक महिला की शादी फतेहपुर जिले के रक्षपाल पुर के नानमु गांव में हुई थी महिला अपने दो छोटे बच्चों प्रिंस और जानवी को लेकर अपने मायके टेवा आई थी इसी बीच पीपल के पेड़ की डाल लोग काट रहे थे पीपल के पेड़ की डाल बिजली के दो खंबे पर गिर गई जिससे बिजली का खंभा भी जमीन पर गिर गया और पीपल के पेड़ की डाल भी जमीन पर गिर गई मौके पर प्रिंस और जानवी खेल रहे थे जिससे वह दुर्घटना के शिकार हो गए हैं इस दुर्घटना में प्रिंस 2 वर्ष की घटना स्थल पर मौत हो गई है और जानवी 3 वर्ष गंभीर रूप से घायल है दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है

## मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित छात्राओं के खातों में भेजी गई डीबीटी राशि



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** तहसील सभागार सिराथू में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कमर्चारियों को प्रतीकात्मक कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज कुमार उमराव व खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉ. प्रज्ञा सिंह के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया इसके बाद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।कार्यक्रम में अतिथियों ने शिक्षकों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड वितरित किए। साथ ही परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से ?1200 की धनराशि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों व कमर्चारियों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सैलरी पैकेज अकाउंट का लाभ प्रदान करने के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) का भी निष्पादन किया गया।वक्ताओं ने कहा कि सरकार शिक्षा और शिक्षकों के हित में लगातार कार्य कर रही है शिक्षकों से अपील की है कि वे प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय आने व स्कूल ड्रेस में उपस्थिति के लिए प्रेरित करें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएं मुख्यमंत्री की कैशलेस चिकित्सा योजना को शिक्षकों और कमर्चारियों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी।वक्ताओं ने शिक्षकों की कायशैली की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,सिराथू शाखा के प्रबंधक रमेश साहू ने सैलरी पैकेज अकाउंट से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि स्थायी कमर्चारियों को वेतनमान के अनुसार ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस,पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस तथा स्थायी दिव्यांगता बीमा सहित विभिन्न वित्तीय लाभ उपलब्ध होंगे। उन्होंने शिक्षकों से अपने खातों को सैलरी पैकेज अकाउंट में परिवर्तित कराने की अपील की।इस अवसर पर लगभग 100 शिक्षकों को प्रतीकात्मक चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज कुमार उमराव व खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉ. प्रज्ञा सिंह ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में तहसीलदार सिद्धार्थ सिंह, दीपक माले, सूर्य प्रकाश राय, रमेश चंद्र सेन,अफरोज आलम,अरुण मिश्रा, भीम शंकर, रामकृष्ण, अजय कुमार, भोलेंद्र वर्मा,रीतू सिंह,वंदना यादव लवकुश मौर्य,भोला यादव शिव प्रताप सिंह मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कमर्चारी उपस्थित रहे।

## 24 घंटे में 7 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का खुलासा,गौमांस बरामद, अपहरण व वारंटी पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**एसपी सत्यनारायण का अपराधियों पर ऑपरेशन चक्रव्यूह**

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत के कुशल नेतृत्व और अपराध के प्रति अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति का असर अब जिले में साफ दिखाई देने लगा है। जनपद में अपराधियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत कौशांबी पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।लूट की वारदात का खुलासा करने के साथ ही गौवध,नाबालिग को भगाने और वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर पुलिस ने अपराधियों में खलबली मचा दी है। थाना सराय अकिल पुलिस ने 16 जून को हुई मोबाइल लूट की घटना का अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को आकाश पुत्र रामबाबू पासी निवासी मंदर देह माफी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज वा राज उर्फ अजीत पुत्र बच्चालाल निवासी मंदर देह माफी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज वा पिंटू कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी चन्दूपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल,दो अवैध तमंचे,कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने लूट की वारदात स्वीकार की।वहीं थाना मंझनपुर पुलिस ने मुस्तकीम अहमद निवासी आजाद नगर को डेढ़ किलो गौमांस के साथ गिरफ्तार कर उत्तर प्रदेश गौवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।इसके अलावा थाना करारी पुलिस ने नाबालिग को भगाने के मामले में अंकित को गिरफ्तार किया,जबकि थाना चरवा पुलिस ने इसी प्रकार के मामले में नीरज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थाना सैनी पुलिस ने वर्ष 2014 के एक मामले में वांछित वारंटी बीरेंद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में जनपद भर में चल रहे इस विशेष अभियान से अपराधियों में भय का माहौल है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ इसी तरह कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी कौशांबी पुलिस अपराध नियंत्रण, अपराधियों की गिरफ्तारी और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है।

## 44 वीएचएसएनडी सत्रों के निरीक्षण में मिली तमाम कमियां

**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने बुधवार को 27 जनपद स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से आकांक्षी विकास खण्ड मंझनपुर एवं कौशांबी के 44 वी.एच.एस.एन.डी. (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्रों का आकस्मिक निरीक्षण कराया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कुछ वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों में कमियां पाई गईं। आंगनबाड़ी केन्द्र करारी में आयोजित सत्र में गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं पाई गई। इसी प्रकार चक नगर,मंझनपुर में आयोजित सत्र में आईपीवी वैक्सीन उपलब्ध नहीं थी। रसूलपुर बड़ा गांव में गर्भवती महिलाओं की ड्यू-लिस्ट अद्यतन नहीं पाई गई, जबकि प्राथमिक विद्यालय लाल का पूरा में आयोजित सत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सैम बच्चों को सत्र पर नहीं लाया गया जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि जिन वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों में कमियां पाई गई हैं, वहां पर कार्यरत ए.एन.एम. एवं आशा से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में आयोजित होने वाले सभी वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध रहें तथा किसी प्रकार की लापरवाही या कमी न रहने पाए। गर्भवती महिलाओं,बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए।

# जिम्मेदारी किसकी पांच मजदूरों की फोटो तो दर्जनों के नाम से हाजिरी और भुगतान

अखंड भारत संदेश

**ग्राम पंचायत चलौली के अमृत सरोवर में मनरेगा पर उठे गंभीर सवाल,**

**चायल ब्लॉक की ग्राम पंचायत चलौली में अमृत सरोवर सौंदयीकरण कार्य के मस्टर रोल पर सवाल, पोर्टल पर दूसरी फोटो तक नहीं अपलोड, रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत की जांच की मांग**

**कौशाम्बी** विकास खंड चायल की ग्राम पंचायत चलौली में मनरेगा के तहत कराए गए अमृत सरोवर सौंदयीकरण कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मनरेगा पोर्टल पर उपलब्ध मस्टर रोल और जियो टैग फोटो के रिकॉर्ड में ऐसी विसंगतियां सामने आई हैं, जिन्होंने सरकारी धन के उपयोग और कार्य की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सेवक की देखरेख में मस्टर रोल में बड़ी संख्या में श्रमिकों के नाम दर्ज कर मजदूरी का भुगतान कराया गया, जबकि पोर्टल पर अपलोड समूह फोटो में मौके पर मात्र पांच-पांच मजदूर ही दिखाई दे रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा नियमावली के अनुसार प्रत्येक कार्यस्थल पर वास्तविक श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज होना, जियो टैग फोटो अपलोड करना और कार्य की पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है। लेकिन अमृत सरोवर के इस कार्य में कई मस्टर रोल पर केवल एक समूह फोटो अपलोड की गई है, जबकि पोर्टल पर साफ लिखा है कि सेकंड फोटो इज नोट अपलोडेड इसके बावजूद कई श्रमिकों के नाम पर उपस्थिति दर्ज कर मजदूरी भुगतान किए जाने का रिकॉर्ड दिखाई दे रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि यदि मस्टर रोल में दर्ज सभी मजदूर वास्तव में कार्यस्थल पर मौजूद थे तो उनकी उपस्थिति का प्रमाण कहां है? पोर्टल पर उपलब्ध फोटो में सीमित संख्या में लोग दिखाई देते हैं,जबकि रिकॉर्ड में इससे कहीं अधिक श्रमिकों की हाजिरी दर्ज है। ऐसे में यह संदेह गहरा रहा है कि कहीं कागजों पर श्रमिक दिखाकर सरकारी धन का भुगतान तो नहीं करा लिया गया।मामला केवल फोटो तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस अमृत सरोवर के निर्माण और सौंदयीकरण पर लाखों रुपये खर्च किए गए, उसकी वर्तमान स्थिति स्वयं कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती है। सरोवर के आसपास गंदगी फैली हुई है, पहुंच मार्ग बदहाल है, सुरक्षा के लिए तारबंदी अधूरी है और रखरखाव का अभाव साफ दिखाई देता है। यदि कार्य मानकों के अनुरूप हुआ होता तो कुछ ही वर्षों में इसकी ऐसी दुदर्शा नहीं होती।मनरेगा अधिनियम का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ टिकाऊ सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निर्माण करना है। इसके लिए जियो टैग फोटो,मस्टर रोल, श्रमिकों की वास्तविक उपस्थिति और भुगतान का रिकॉर्ड पूरी तरह पारदशी रखा जाना अनिवार्य है। ऐसे में ग्राम पंचायत चलौली के अमृत सरोवर से जुड़े रिकॉर्ड में सामने आ रही विसंगतियां जांच का विषय बन गई हैं।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अमृत सरोवर निर्माण एवं सौंदयीकरण कार्य के सभी मस्टर रोल, जॉब कार्ड, बैंक भुगतान, जियो टैग फोटो,कार्यस्थल निरीक्षण रिपोर्ट और तकनीकी अभिलेखों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। यदि जांच में फजी उपस्थिति, नियमों के विपरीत भुगतान या अन्य अनियमितता सामने आती है तो संबंधित रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत के जिम्मेदार कामिकों तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए सरकारी धन की वसूली सुनिश्चित की जाए।ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता तभी संभव है जब कागजों पर नहीं,बल्कि धरातल पर किए गए कार्य और खर्च किए गए प्रत्येक रुपये का ईमानदारी से हिसाब लिया जाए। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि इस मामले में जिम्मेदारी तय होती है या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### भरवारी में एसपी ने किया पैदल गश्त सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**भरवारी कौशांबी** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने मंगलवार की रात कोखराज थाना क्षेत्र के कस्बा भरवारी में पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोखराज,चौकी प्रभारी भरवारी और पुलिस बल मौजूद रहा। एसपी ने बाजार,प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण कर व्यापारियों व आमजन से संवाद किया तथा उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को नियमित एवं प्रभावी पैदल गश्त,जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निस्तारण तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतकर्ता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए

### स्वागत चैरिटेबल ट्रस्ट ने दिव्यांगजनों को बैसाखी व स्मार्ट छड़ी देकर किया सम्मानित



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी** स्वागत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बुधवार को चलौली, चायल में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद दिव्यांगजनों को बैसाखी एवं स्मार्ट छड़ी वितरित की गई,जिससे उनके दैनिक जीवन को अधिक सुगम और आत्मनिर्भर बनाया जा सके।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के सचिव एवं संस्थापक दीपक सिंह ने कहा कि स्वागत चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद दिव्यांग, वृद्धजन एवं वंचित वर्ग तक सहायता पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट आगे भी सेवा और मानवता के कार्यों को निरंतर जारी रखेगा।इस अवसर पर प्रयाग दिव्यांग एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने कहा कि ट्रस्ट भविष्य में शिक्षा,स्वास्थ्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण,महिला सशक्तिकरण,वृद्धजन कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न जनहितकारी कार्यों को निरंतर संचालित करता रहेगा।कार्यक्रम में अखिलेश कुमार त्रिपाठी,रमेश कुमार,शिवाकांत पलटू पटेल,राजेश कुमार,अनिल कुमार, मो.रफी,सर्वेश कुमार,बृजेश कुमार,कुलदीप,राम सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी दिव्यांगजनों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### किसानों की सेवा और उत्कृष्ट कायशैली के लिए याद किए गए राजेंद्र पाण्डेय व हीरा लाल सरोज

**सिंचाई विभाग में आयोजित विदाई समारोह में सहकर्मियों ने दी भावभीनी विदाई,उज्ज्वल भविष्य की कामना**



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** सिंचाई विभाग, सैनी में कार्यरत राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय एवं हीरा लाल सरोज के सेवानिवृत्त होने पर विभाग परिसर में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों एवं कमर्चारियों ने दोनों कर्मियों के लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों को याद किया।वक्ताओं ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय और हीरा लाल सरोज ने अपने सेवाकाल के दौरान किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया। उन्होंने हमेशा सहकर्मियों के साथ सौहादर्पूर्ण व्यवहार बनाए रखा और अपने कर्तव्यों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन किया। उनके सेवा भाव और कायशैली को विभाग लंबे समय तक याद रखेगा।इस अवसर पर गिरधारी लाल जिलेदार भानु प्रकाश पूर्व सचिव पयर्वेक्षक सीताराम सचिव पयर्वेक्षक तथा धर्मेंद्र पाण्डेय सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कमर्चारी उपस्थित रहे। सभी ने दोनों सेवानिवृत्त कमर्चारियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन देशराज ने किया।

### गौसेवा आयोग सदस्य ने स्कूल चलो अभियान जन-जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी



**कौशांबी** उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग सदस्य राजेश सिंह सेंगर वा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं विधायक चायल पूजा पाल ने बुधवार को द्वितीय चरण स्कूल चलो अभियान 2026-27" जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी उपस्थित रहे जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ. कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा उन्हें निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि यदि वे अपने बच्चों से प्यार करते हैं,तो उन्हें शिक्षा का अधिकार अवश्य दिलाएं। सरकार द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को अनेक निःशुल्क सुविधाएं दी जा रही हैं,जिनमें मुफ्त किताबें, यूनिफॉर्म,जूते-मोजे,स्कूल बैग, मध्याह्न भोजन,स्वच्छ पेयजल, स्मार्ट क्लास और प्रशिक्षित शिक्षक शामिल हैं। शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। घर-घर संपर्क कर अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा,ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।

### मेडिकल कॉलेज का एनआरसी वार्ड हुआ वातानुकूलित, कुपोषित बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

**कौशाम्बी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में भती गंभीर कुपोषित बच्चों एवं उनके साथ रहने वाले तीमारदारों की सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने वार्ड में दो नए एयर कंडीशनर स्थापित कर उन्हें संचालित करा दिया है। बरसात से पहले पड़ रही भीषण गमी और उमस को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है,जिससे उपचाररत बच्चों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके तथा उनके स्वास्थ्य लाभ में सहायता मिले। साथ ही,चैबीसों घंटे बच्चों की देखभाल में जुटी माताओं एवं अन्य तीमारदारों को भी गमी से राहत मिलेगी।मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) हरिओम कुमार सिंह ने बताया कि एनआरसी में भती कुपोषित बच्चों के समुचित उपचार एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए स्वच्छ,सुरक्षित और अनुकूल वातावरण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से वार्ड में तत्काल दो नए एसी लगाकर उन्हें चालू कराया गया है,ताकि बच्चों और उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।प्राचार्य ने संबंधित अधिकारियों एवं वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वार्ड में भती बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार,आवश्यक दवाएं,स्वच्छता तथा तापमान एवं वेंटिलेशन जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं निरंतर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले जरूरतमंद बच्चों को आधुनिक एवं सवर्सुविधायुक्त वातावरण में बेहतर उपचार और पोषण मिले, जिससे वे शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकें।नई व्यवस्था शुरू होने पर एनआरसी में भती बच्चों के परिजनों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पहल की सराहना की और इसे मरीज हित मे उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया।

# फतेहपुर में पुलिस-बदमाश मुठभेड़ शातिर बदमाश के पैर में लगी गोली

अखंड भारत संदेश



**फतेहपुर।** जिले के चाँदपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस और लूट एवं चोरी के मामलों में वांछित बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस की विशेष टीमें लगातार कॉम्बिंग अभियान चला रही हैं। फतेहपुर जिले के चाँदपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब चार बजे पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में लूट और चोरी के कई मामलों में वांछित एक शातिर अपराधी घायल होकर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना चाँदपुर पुलिस नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान गूढ़ेश्वर मंदिर के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार, खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में धर्मेन्द्र पुत्र विशालू, निवासी कंजरन डेरा मजरा नोनारा, थाना जहानाबाद, के बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर जिला अस्पताल भेज दिया। मुठभेड़ के दौरान उसका साथी गोलू पुत्र विनोद, निवासी कंचनपुर, थाना बिन्दकी, अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, चोरी के मामलों से संबंधित 3,400 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त पैशन प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी धर्मेन्द्र के विरुद्ध फतेहपुर सहित अन्य जनपदों में चोरी, लूट और अन्य गंभीर अपराधों के 10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं फरार आरोपी गोलू के खिलाफ भी 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। दोनों के विस्तृत आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि घायल आरोपी का जिला अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं और शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## असोथर में मूसलाधार बारिश के बीच ABVP का वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस सप्ताह के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई असोथर ने अढ़ट इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। तेज बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में तहसील संयोजक प्रतीक शुक्ला और कॉलेज प्रबंधक आदित्य अग्निहोत्री मौजूद रहे। प्रतीक शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। अइश्ड कार्यकर्ताओं अनमोल, अक्षय सिंह, प्रशांत तिवारी, आयुष तिवारी, अभिनव मिश्रा और विद्यालय के छात्र भी शामिल हुए।

# न्यूज झरोखा

## पांच दिन में सजा मंच, चार दिन में समेटा टेंट; अब घोषणाओं के अमल का इंतजार



**शिवपुरी।** पोलो ग्राउंड में 5 जुलाई को आयोजित भव्य शासकीय कार्यक्रम का टेंट और मंच अब पूरी तरह हटा लिया गया है। आयोजन की चकाचौंध खत्म होने के बाद अब लोगों की नजरें कार्यक्रम में घोषित करीब 4,500 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं पर टिकी हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री की मौजूदगी में पाली क्षेत्र में 2,500 करोड़ रुपये की डिफेंस निर्माण इकाई, 108 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा, मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी यूनिट और विभिन्न विकास कार्यों की घोषणाएं की गईं। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले घोषित कई परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकीं। ऐसे में अब जनता चाहती है कि इस बार घोषणाएं सिर्फ मंच तक सीमित न रहें, बल्कि तय समयसीमा में धरातल पर उतरें और जिले को उनका वास्तविक लाभ मिले।

## हवाई पट्टी के सामने बदहाल सड़क पर पलटा टमाटर की पौध से भरा वाहन



**शिवपुरी।** झांसी रोड पर हवाई पट्टी के सामने बदहाल सड़क बुधवार को हादसे का कारण बन गई। गहरे गड्ढों में टमाटर की पौध से भरा एक लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक और किसान सुरक्षित बच गए, लेकिन टमाटर की पौध को नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों के अनुसार, झांसी तिराहे से हवाई पट्टी तक बनी थीम रोड का करीब 100 मीटर हिस्सा रेत से भरे डंपरों की धुलाई, जलभराव और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि कई शिकायतों के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। उन्होंने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत, जल निकासी की व्यवस्था सुधारने और सड़क पर रेत धुलाई पर रोक लगाने की मांग की है।

## आत्मदाह की कोशिश के बाद सास-देवर पर केस, दहेज प्रताड़ना का आरोप



**शिवपुरी।** पुलिस कंट्रोल रूम में पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसकी सास और देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और गाली-गलौज सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। सईसपुरा निवासी चंदा बेगम का आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करता रहा। उन्होंने सास पर नकदी और जेवर हड़पने तथा घर से बेदखल करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि 5 जुलाई को सास और देवर ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार, पहले की गई शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने से परेशान होकर वह मंगलवार को पति के साथ पुलिस कंट्रोल रूम पहुंची और आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने समय रहते पेट्रोल की बोतल छीनकर बड़ा हादसा टाल दिया। घटना के बाद पुलिस ने सास और देवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## लोहारन डेरा में नाली न होने से सड़क पर जल भराव, ग्रामीणों का आवागमन हुआ दूभर



**विजयीपुर (फतेहपुर)।** विकासखंड विजयीपुर की ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल के अंतर्गत स्थित लोहारन डेरा में नाली निर्माण न होने के कारण सड़क पर जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। बरसात के मौसम में हालात और अधिक खराब हो जाते हैं। सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार गांव की मुख्य सड़क पर जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। नाली के अभाव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे सड़क हमेशा कीचड़ और जलभराव से घिरी रहती है। बारिश होने पर यह समस्या और विकराल रूप धारण कर लेती है। कई स्थानों पर पानी इतना अधिक भर जाता है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे स्कूल जाने, बुजुर्गों को अस्पताल पहुंचने और किसानों को खेतों तक जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत, संबंधित अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई। ग्रामीणों ने नाली निर्माण और सड़क की मरम्मत की मांग भी उठाई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सड़क पर लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विकासखंड के अधिकारियों से मांग की है कि लोहारन डेरा का तत्काल निरीक्षण कराया जाए तथा प्राथमिकता के आधार पर नाली निर्माण और सड़क की मरम्मत कराई जाए।

## गृह क्लेश से परेशान युवक ने खाया जहर, शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत

**शिवपुरी।** श्योपुर जिले के विजयपुर तहसील अंतर्गत मगरधा गांव निवासी एक 35 वषीय युवक की कथित रूप से जहरीला पदार्थ खाने के बाद उपचार के दौरान शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद और गृह क्लेश के चलते युवक द्वारा यह कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अशोक धाकड़ 35 पुत्र सरवन धाकड़ निवासी मगरधा, तहसील विजयपुर, जिला श्योपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम घरेलू विवाद के बाद उसने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने युवक का उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बुधवार तड़के करीब 2:30 बजे उसने दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह को घटना की वजह माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूबने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**विजयीपुर/फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर बड़वा गांव में बुधवार को एक 25 वषीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार अकबरपुर बड़वा निवासी राजकुमार (25) पुत्र छोटेलाल बुधवार दोपहर करीब 12 बजे घर से खेतों की ओर शौच क्रिया के लिए निकले थे। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजन उनकी तलाश कर ही रहे थे कि इसी बीच ग्रामीणों ने सूचना दी कि राजकुमार नहर में डूब गया है। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। काफी प्रयासों के बाद युवक को नहर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक राजकुमार पांच भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। प्रथम दृष्टया मामला नहर में डूबने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण जांच के बाद ही सामने आएगा। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में थाना प्रभारी किशनपुर योगेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कायर्वाही की जा रही है।

# शिवपुरी में सपर्दंश से चार वषीय बच्ची की मौत

अखंड भारत संदेश

**पोस्टमार्टम कराए बिना झाड़फूंक के लिए शव ले गए परिजन, गार्ड रूम में सो रही थी बच्ची, इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम; पुलिस को नहीं पता परिजन शव कहां ले गए**

**शिवपुरी।** शिवपुरी शहर में सपर्दंश से 4 वषीय बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में बच्ची ने दम तोड़ दिया, लेकिन मौत के बाद परिजन पोस्टमार्टम कराए बिना उसका शव झाड़फूंक के लिए अपने साथ ले गए। पुलिस और कॉलेज प्रबंधन को भी यह जानकारी नहीं है कि परिजन बच्ची को किस स्थान पर लेकर गए हैं जानकारी के अनुसार, पिछोर तहसील के पुनावली गांव निवासी रजनेश आदिवासी शिवपुरी स्थित शासकीय तात्याटोपे राज्य शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय फिजिकल कॉलेज) में अस्थायी चौकीदार के रूप में कार्यरत हैं। वे अपनी पत्नी और तीन छोटे बच्चों के साथ कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार पर बने गार्ड रूम में रहते हैं। जानकारी अनुसार बताया जा रहा हैं कि सोमवार देर रात परिवार गार्ड रूम में सो रहा था। इसी दौरान एक जहरीला सांप कमरे में घुस आया और चार वषीय खुशी आदिवासी को डस लिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर परिजन और कॉलेज परिसर में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद उसे तत्काल शिवपुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। हालांकि, मंगलवार सुबह इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और बच्ची का शव अपने साथ ले गए। परिजनों का कहना था कि वे झाड़फूंक के माध्यम से बच्ची को ठीक कराने का प्रयास करेंगे। पुलिस और कॉलेज प्रशासन के अनुसार, उन्हें यह जानकारी नहीं है कि परिजन शव को किस स्थान पर लेकर गए हैं।

## मकान निर्माण के दौरान मजदूर को जहरीले सांप ने काटा, हालत गंभीर

**फतेहपुर।** जिले के खागा थाना क्षेत्र के करसुआ गांव में मकान निर्माण के दौरान एक मजदूर को जहरीले सांप ने काट लिया। घटना उस समय हुई जब मजदूर निर्माण कार्य के दौरान ईंट उठा रहा था। हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल घायल का उपचार जारी है। फतेहपुर। खागा थाना क्षेत्र के करसुआ गांव में सोमवार को मकान निर्माण कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया। निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे एक मजदूर को ईंटों के बीच छिपे जहरीले सांप ने डंस लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तुन्नू (लगभग 35 वर्ष) पुत्र जगदीश सिंह, निवासी करसुआ गांव, गांव के ही निवासी आसिफ पुत्र यूसुफ के मकान निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। रोज की तरह निर्माण कार्य के दौरान जब तुन्नू ने ईंट उठाने के लिए हाथ बढ़ाया, तभी ईंटों के बीच छिपे एक जहरीले सांप ने उनकी हाथ की उंगली में काट लिया। सांप के काटते ही मजदूर की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी और वह अचेत होने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही मकान मालिक आसिफ ने मानवता का परिचय देते हुए बिना देर किए घायल मजदूर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हथगाम पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन जहरीले सांप के जहर के प्रभाव और मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में खेतों, निर्माण स्थलों और ईंटों के ढेर में जहरीले सांपों के छिपे रहने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में निर्माण कार्य और कृषि कार्य के दौरान विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है।

# स्नातक युवा लोकतंत्र की ताकत बनें, अधिक से अधिक मतदाता बनकर मतदान करें : डॉ. मान सिंह यादव

अखंड भारत संदेश

**एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने मतदाता बन मतदान करने की करी अपील**



**फतेहपुर।** इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के वर्तमान एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव ने क्षेत्र के स्नातक युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि इलाहाबादझ्झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का कार्यकाल नवंबर 2026 में समाप्त हो रहा है, जिसके मद्देनज़र निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में जिन स्नातकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि आगामी स्नातक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जहां शिक्षित मतदाता अपने प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं। इसलिए प्रत्येक पात्र स्नातक की जिम्मेदारी है कि वह मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाए। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वयं मतदाता बनने के साथ-साथ अपने मित्रों, सहपाठियों और अन्य पात्र स्नातकों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। अधिक से अधिक शिक्षित मतदाताओं की भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत होगा और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से विधान परिषद में उठाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक दायित्व भी है। इसलिए सभी पात्र स्नातक समय रहते अपना पंजीकरण कराएं और आगामी चुनाव में मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

# सिलेंडर पाइप लीकेज से घर में लगी भीषण आग, ग्रामीणों ने बुझाई लपटें

अखंड भारत संदेश



**फतेहपुर।** (उत्तर प्रदेश) के जिले सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ऐराया सादात (पचघरा) गांव में मंगलवार देर रात सिलेंडर के पाइप में लीकेज होने से एक घर में भीषण आग लग गई। आग की घटना में घर का छप्पर और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी कल्लू दजी के घर में देर रात खाना बनने के काफी समय बाद अचानक सिलेंडर के पाइप से गैस रिसने लगी। देखते ही देखते गैस ने आग पकड़ ली और लपटें पूरे घर में फैल गईं। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे घर का छप्पर और उसमें रखा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की तेज लपटें छप्पर के ऊपर से गुजर रही विद्युत केबलों तक पहुंच गईं, जिससे आसपास के घरों की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई। आग फैलती देख मोहल्ले के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने-अपने समरसेबल पंप चलाकर पानी डालना शुरू किया। ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई थी, लेकिन खागा चौकी की ओर जाने वाले मार्ग की खराब स्थिति के कारण दमकल वाहन समय पर मौके तक नहीं पहुंच सका। ऐसे में ग्रामीणों ने ही मोर्चा संभालते हुए आग को आसपास के अन्य घरों तक फैलने से रोक दिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि पीड़ित परिवार का घरेलू सामान और छप्पर पूरी तरह जल जाने से उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## मंदिर परिसर में गंदगी मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश, युवक हिरासत में



**शिवपुरी।** जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के छितिपुर गांव स्थित एक मंदिर परिसर में बुधवार सुबह गंदगी मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर पहुंच गए और पुलिस से दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, परिजनों के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के दावे की भी जांच कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश बुधवार तड़के नियमित पूजा-अचर्ना के लिए मंदिर पहुंचे थे। उनका आरोप है कि सुबह करीब साढ़े चार बजे उन्होंने एक युवक को मंदिर की ओर से तेजी से निकलते देखा। इसके बाद जब वह मंदिर परिसर और गभर्गृह में पहुंचे तो वहां विभिन्न स्थानों पर गंदगी फैली हुई मिली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में चर्चा फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर दिनारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और शिकायत के आधार पर सतीश जाटव नामक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, युवक को थाने ले जाते समय उसके परिजनों ने पुलिस वाहन को रोकने का प्रयास किया, जिससे कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस ने लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया और युवक को पूछताछ के लिए थाने ले गई। दिनारा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। युवक के परिजनों ने उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का दावा किया है। इस संबंध में मेडिकल अभिलेखों सहित अन्य तथ्यों की जांच कराई जा रही है।

# हाईवे पर अनियंत्रित होकर मीडियन में उतरी स्लीपर बस, बड़ा हादसा टला, चालक-परिचालक फरार

अखंड भारत संदेश






**शिवपुरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर बुधवार तड़के इंदौर से ग्वालियर जा रही एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर मीडियन में उतर गई। गनीमत रही कि बस गीली मिट्टी में धंस गई और पलटने से बच गई। हादसे में बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए, जबकि कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के बाद चालक और बस का स्टाफ मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, कृष्णा ट्रेवल्स की बस (क्रमांक एमपी 31 जेडडी 8199) बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे बदरवास थाना क्षेत्र के सड़ बाईपास के पास हादसे का शिकार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार बस अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे के मीडियन में उतर गई। मीडियन की गीली मिट्टी में बस के धंस जाने से उसकी रफ्तार थम गई और वह पलटने से बच गई। यदि बस पलट जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही बदरवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था कराई गई। हादसे में बामौरकला निवासी मोनिका जाटव सहित कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। यात्रियों का आरोप, तेज रफ्तार चल रही थी बस : बस में सवार यात्रियों ने चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि यात्रा के दौरान बस लगातार तेज गति से चलाई जा रही थी। कई बार चालक से रफ्तार कम करने का अनुरोध किया गया, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। यात्रियों का कहना है कि यदि समय रहते सावधानी बरती जाती तो हादसे से बचा जा सकता था। दुर्घटना के बाद चालक-स्टाफ मौके से भागे : हादसे के तुरंत बाद चालक और बस का अन्य स्टाफ मौके से फरार हो गया। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि यात्रियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जाएगी। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# डकैतों के भय वाला इलाका अब विकास की राह पर : सीएम

## 950.89 करोड़ की 124 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विकास, आस्था और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। चित्रकूट इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने 950.89 करोड़ रुपये की लागत वाली 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही चित्रकूट के अतीत और वर्तमान की तुलना करते हुए कहा कि कभी डकैतों के भय और बदहाल सड़कों के लिए पहचाना जाने वाला यह क्षेत्र अब एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे और निवेश की संभावनाओं के कारण नई पहचान बना रहा है।

देवांगना स्थित एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री सीधे जनसभा स्थल पहुंचे। जय श्रीराम के उद्घोष के बीच स्वागत के बाद उन्होंने बटन दबाकर परियोजनाओं का शुभारंभ किया। संबोधन की शुरूआत भी उन्होंने जय श्रीराम से की और चित्रकूट की धार्मिक महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल आध्यात्मिक नगरी नहीं, बल्कि महर्षि वाल्मीकि, गोस्वामी तुलसीदास, कामदगिरि, मंदाकिनी और सती अनुसुइया की ऊर्जा से समृद्ध पावन भूमि है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम को संकट के समय चित्रकूट ने संबल दिया और यही इस भूमि की आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह पहली बार चित्रकूट आए थे, तब यहां उपेक्षा साफ दिखाई देती थी। सड़कें खराब थीं, विकास कार्य सीमित थे और डकैतों के भय से लोग यहां आने से कतराते थे। उन्होंने कहा कि इस बार मिजार्पुर से चित्रकूट आते समय उन्हें बदली हुई तस्वीर दिखी। अब यहां एयरपोर्ट है, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे जीवनरेखा बन चुका है और डिफेंस कॉरिडोर के जरिए बड़े निवेश का रास्ता खुल रहा है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट आने वाले समय में शस्त्र और शास्त्र दोनों के अनुसंधान का केंद्र बन सकता है।

राजनीतिक हमले के दौरान मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर ठेका, पट्टा और जमीन कब्जाने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि परिवारवाद और वंशवाद में उलझे दलों को विकास से कोई लेना-देना नहीं है। डॉक्टर राममनोहर लोहिया का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके नाम पर राजनीति करने वाले लोग सत्ता में आते ही परिवार को बढ़ाने का काम करते हैं। रामायण मेला की परंपरा का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप



लगाया कि कुछ समाजवादी अब राम से दूरी बनाकर भारत की विरासत का अपमान कर रहे हैं।

राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण पर भी मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि मामले में एसआईटी जांच हुई और आठ लोगों की गिरफ्तारी भी की गई, लेकिन इसके बावजूद कुछ दल पूरे ट्रस्ट और आस्था को बदनाम करने में लगे हैं। कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग कभी राम और कृष्ण को काल्पनिक बताते थे, वे अब आस्था के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि भगवान काल्पनिक हैं तो चित्रकूट, अयोध्या, मथुरा और वृंदावन जैसी आस्था स्थलों का अस्तित्व क्या है।

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब गरीबों के आवास की धनराशि में कोई डाका नहीं डाल सकता। किसानों को फसल बीमा, सिंचाई योजना और किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। उनकी उपज की खरीद हो रही है और सड़कों के जाल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित चित्रकूट दोनों जरूरी हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा मुख्यमंत्री योजना के लाभार्थियों विजय कुमार और सत्यम मिश्रा को पांच-पांच लाख रुपये के डमी चेक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता सोनी और आकृति शर्मा को स्मार्टफोन, संगीता और शिवकुमारी को प्रधानमंत्री आवास की चाबी तथा मेधावी छात्र-छात्राओं बप्पारावल और मानसी को एक-एक लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

जनसभा के बाद मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यों, जनपद के विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उधर, उनके दो दिवसीय प्रवास को लेकर जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। एयरपोर्ट, सर्किट हाउस, जनसभा स्थल, कलेक्ट्रेट और कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को विशेष सुरक्षा घेरे में रखा गया और करीब दो हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री कामदगिरि परिक्रमा के बाद बांदा के लिए रवाना होंगे।

इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह, विधानपरिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, बाबूलाल तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद रमेश चन्द्र द्विवेदी, भैरों प्रसाद मिश्रा, आर.के. सिंह पटेल, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, मऊ अमित द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मऊ सुशीला वर्मा, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल प्रताप सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, भाजपा नेत्री अंजू वर्मा, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल सहित सम्बन्धित जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# प्राधिकरण सचिव ने बंदियों को दी विधिक सहायता और विशेष लोक अदालत की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी ने बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कारागार में संचालित लीगल एड क्लीनिक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां संरक्षित पंजिकाओं की जांच की। निरीक्षण में सभी अभिलेखों की प्रविष्टियां नियमानुसार दर्ज मिलीं।




सचिव ने लीगल एड क्लीनिक में तैनात पैरालीगल वालंटियर्स को निर्देशित किया कि यदि कोई बंदी अपने मुकदमे की पैरवी के लिए निजी अधिवक्ता करने में सक्षम नहीं है, तो नियमानुसार पत्राचार कर जिला कारागार अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने बंदियों को समाधान समारोह और सुप्रीम कोर्ट की विशेष लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। बताया कि जिन बंदियों के मामले सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं, वे इसकी सूचना कारागार अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय तक पहुंचाएं, ताकि उन्हें आपसी सहमति से विवाद निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत से जोड़ा जा सके। बताया कि आगामी 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को प्रस्तावित यह विशेष लोक अदालत बिना अतिरिक्त खर्च और लंबी न्यायिक प्रक्रिया के पुराने मामलों के सौहार्दपूर्ण और त्वरित निस्तारण का अवसर प्रदान करेगी। इस दौरान आगामी 15 जुलाई 2026 को होने वाली अंडर ट्रायल रिव्यू समिति की बैठक पर भी चर्चा की गई। सचिव ने कारागार अधीक्षक को पात्र बंदियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक कुशकुमार सिंह, सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल योगेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

# जिले के 29 महाविद्यालयों में रोपे जाएंगे 22 हजार पौधे, गोस्वामी तुलसीदास कॉलेज से हुई शुरूआत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वन महोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी (चित्रकूटधाम मंडल, बांदा) प्रो. दीपाली गुप्ता और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार पाल ने परिसर में साइकस का पौधा रोपकर अभियान की शुरूआत की।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार पाल ने बताया कि वर्तमान सत्र के लिए जिला प्रशासन द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को कुल 22 हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य सौंपा गया है। इस



वृहद लक्ष्य को जनपद में स्थापित कुल 29 महाविद्यालयों (तीन राजकीय, एक अनुदानित तथा 25 स्ववित्तपोषित) में योजनाबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। महाविद्यालय के वृक्षारोपण प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी मांग है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समय सीमा के भीतर आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और पौधों के संरक्षण की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. रामनरेश यादव, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ. अजय सिंह, डॉ. वंश गोपाल, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. राकेश कुमार शर्मा, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ. गौरव पांडेय, डॉ. रचित जायसवाल, डॉ. सिद्धान्त जायसवाल, डॉ. बलवंत सिंह राजोदिया आदि मौजूद रहे।

# मऊ में दिखाया गया मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का सजीव प्रसारण

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ब्लॉक मऊ सभागार में दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने की।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुशीला वर्मा ने शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना के कार्ड वितरित किए। योजना के तहत एआरपी अखिलेश मिश्रा, प्रधानाध्यापक दानिश मियां रिजवी और विष्णुप्रिया पांडेय को कार्ड प्रदान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शिक्षक और उनके परिवार को पांच लाख रुपये तक का वार्षिक कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इसी अवसर पर स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण (1 जुलाई से 15 जुलाई) के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ने अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही ग्राम प्रधानों और अभिभावकों से छह से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराने और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। इस मौके पर राजकीय इण्टर कॉलिज बरगढ़ के प्रधानाचार्य विजय सोनी, स्टेट बैंक आफ इंडिया के प्रबंधक धवल शुक्ला, खण्ड शिक्षाधिकारी कृष्ण दत्त पाण्डेय, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष चित्रकूट आलोक गर्ग सहित शिक्षक, अभिभावक व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कच्ची दीवार ढही, मलबे में दबकर माँ-बेटा गंभीर रूप से घायल

**बबेरू /बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के कुचेंन्दु गाँव में बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहाँ अचानक एक कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से माँ और उसका 3 वर्षीय बेटा मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजनों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू पहुँचाया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, कुचेंन्दु निवासी उमा (26) पत्नी दीपक कुमार बुधवार की दोपहर अपने 3 वर्षीय पुत्र किशन के साथ घर के पास बैठी हुई थी। इसी दौरान अचानक कच्ची दीवार ढह गई। दीवार इतनी जर्जर थी कि गिरने के बाद माँ-बेटा मलबे के नीचे दब गए।हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबे को हटाकर माँ और बेटे को सुरक्षित बाहर निकाला। आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने बताया कि मलबे में दबने से दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार देने के बाद भी दोनों की स्थिति में सुधार न होते देख डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों को मिला मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण का प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति उच्च शिक्षा संस्थानों को अधिक संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों ने मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संकाय अधिष्ठाताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण की आवश्यकता और इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों में तनाव, अवसाद और अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के शुरूआती संकेतों की पहचान, समय पर परामर्श, सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण, साइबर बुलिंग से बचाव, एंटी-रैगिंग व्यवस्था, मेंटर-मेंटी प्रणाली और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कुलसचिव प्रो. आंजनेय पांडेय ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से शिक्षकों और कर्मचारियों की संवेदनशीलता बढ़ेगी तथा



विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और मानसिक रूप से स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण में प्रो. देव प्रभाकर राय, प्रो. आंजनेय पांडेय, प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. रघुवंश बाजपेयी, प्रो. सूर्यकांत चतुर्वेदी, प्रो. कपिल देव मिश्रा, प्रो. भरत मिश्रा, प्रो. सुधाकर मिश्रा और प्रो. अनिल अग्रवाल सहित विभिन्न संकायों, विभागों और कार्यालयों के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

# कीटनाशक दुकानों पर छापा, तीन नमूने जांच को भेजे

**चित्रकूट।** प्रमुख सचिव कृषि ने नकली उर्वरक एवं लोकल कीट नाशक दवाओं की अधिक दाम में बिक्री पर रोकथाम के लिए छापेमारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही के लिए जिले में टीम गठित की है।

अभियान के तहत बुधवार को उप कृषि निदेशक व जिला कृषि अधिकारी ने 20 दुकानों में छापामार कर पेस्टिसाइड के 03 संदिग्ध नमूने लिये। जिसमें दो दुकानदारो को अभिलेख अपूर्ण, कृषकों को रशीद न देने के कारण, कारण बताओं नोटिस जारी किया है। इस छापेमारी में उप कृषि निदेशक जीत लाल गुप्ता ने मऊ और मानिकपुर, एवं जिला कृषि अधिकारी आर. के. वर्मा ने कर्वी सदर और राजापुर में कीटनाशी की दुकानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इसका प्रमुख उद्देश्य व्याधियों तथा खरपतवारों के नियंत्रण एवं सब्जी में एकीकृत कीटनाशी प्रबंधन के लिए जनपद के कृषकों द्वारा इस समय कीट नाशकों एवं कृषि रक्षा रसायनों का क्रय किया जा रहा है। ऐसे में किसानों को निर्धारित मूल्य पर सभी प्रकार के कीटनाशकों एवं कृषि रक्षा



रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए छापेमार कार्यवाही की जा रही है और निरंतर जारी रहेगी। इस मौके वरिष्ठ प्राविधिक सहायक राजेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने पूर्व तहसील अध्यक्ष को जारी की अंतिम चेतावनी

## अनधिकृत रूप से संगठन का नाम व पद प्रयोग करने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी

**बांदा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की जिला इकाई बांदा ने संगठन के नाम, पद, लोगो, लेटरपैड, मोहर एवं बोर्ड के अनधिकृत उपयोग को लेकर पूर्व तहसील अध्यक्ष अतर्रा अवधेश शिवहरे को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया है।

जिलाध्यक्ष राहुल निगम द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश एवं संगठन के संविधान के अनुरूप 12 अप्रैल 2026 को आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठनात्मक अनुशासनहीनता एवं असंवैधानिक गतिविधियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया था। बैठक में श्री अवधेश शिवहरे को तहसील अध्यक्ष, अतर्रा के पद से पदमुक्त (बर्खास्त) किए जाने की सूचना देते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया, लेकिन निर्धारित समयावधि में कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ।

इसके उपरांत 15 अप्रैल 2026 को जिलाध्यक्ष राहुल निगम की अध्यक्षता में आयोजित तहसील इकाई अतर्रा की बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से जिला महामंत्री श्री सन्तोष कुशवाहा को प्रभारी तहसील अध्यक्ष, अतर्रा नियुक्त किए जाने का अनुमोदन किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बावजूद अवधेश शिवहरे द्वारा स्वयं को तहसील अध्यक्ष बताते हुए संगठन के नाम, लोगो, लेटरपैड, मोहर, पदनाम एवं बोर्ड का प्रयोग किया जा रहा है तथा प्रेस विज्ञप्तियां जारी कर सोशल मीडिया एवं अन्य सार्वजनिक मंचों पर स्वयं को संगठन का अधिकृत पदाधिकारी प्रदर्शित किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि यह कृत्य संगठन के संविधान, प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों एवं संगठनात्मक अनुशासन का उल्लंघन है, जिससे संगठन की छवि एवं विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है।


जिलाध्यक्ष राहुल निगम ने स्पष्ट किया है कि अवधेश शिवहरे को तत्काल प्रभाव से संगठन के नाम, पद, लेटरपैड, लोगो, मोहर एवं बोर्ड का उपयोग बंद करने, अपने आवास एवं अन्य स्थानों से संगठन के बोर्ड हटाने तथा सोशल मीडिया से संगठन के नाम से जारी समस्त भ्रामक पोस्ट एवं सामग्री हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो संगठन के संविधान के अनुरूप कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ-साथ आवश्यक विधिक एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की स्वयं की होगी।

# भारत को मिलेगा यूरेनियम का बंपर खजाना, होने वाली है बड़ी डील !

**दक्षिण प्रशांत महासागर**

**दक्षिण** प्रशांत महासागर की नीली लहरों के बीच एक बहुत बड़ा खेल शुरू हो चुका है। एक ऐसा खेल जिसके बिसात कैनबरा में बिछाई गई है जिसकी गूंज बीजिंग तक सुनाई देगी और जिसका फायदा भारत की राजधानी नई दिल्ली को होगा। खबर बड़ी है और इसके दो मुख्य पहलू हैं। पहला ऑस्ट्रेलिया और फिजी के बीच एक ऐतिहासिक सुरक्षा समझौता हुआ है जिसे वह वाले यूनियन कहा जा रहा है और दूसरा जिसका भारत को दशकों से इंतजार था। ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की सप्लाई का रास्ता साफ होना है। इस हफ्ते होने वाली हाई लेवल मीटिंग्स ना केवल ऑस्ट्रेलिया की रक्षा नीति को बदल देंगी बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की तस्वीर भी बदल जाएगी। द ऑस्ट्रेलियन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस सोमवार को फिजी पहुंच रहे हैं। वहां वह अपने फिजाई समकक्ष के साथ व्आले यूनियन पर हस्ताक्षर करेंगे। व्वाले फिजीआई भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है परिवार। लेकिन राजनीति में इस परिवार का मतलब बहुत गहरा है। यह समझौता ऑस्ट्रेलिया के उस अभियान का हिस्सा है जिसके तहत वह पापुआ न्यूगिनी, तवालू, नोरू और इंडोनेशिया जैसे देशों के साथ अपनी सुरक्षा साझेदारी को पत्थर की लकीर बना रहा है। याद कीजिए साल 2022 जब चीन ने सोलमन आइलैंड्स के साथ एक गुप्त सुरक्षा समझौता करके पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब से ही ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कान खड़े हो गए हैं। उन्हें डर था कि चीन इन छोटे द्वीप देशों में अपने सैन्य अड्डे बना सकता है। फीजी के साथ होने वाला यह नया समझौता ऑस्ट्रेलिया को फजी की सुरक्षा और पुलिसिंग में एक बड़ी भूमिका देगा। यह ठीक वैसा ही होगा जैसा ऑस्ट्रेलिया ने पापुआ न्यूगिनी के साथ किया है। यानी अगर फिजी की सुरक्षा पर कोई खतरा आता है तो ऑस्ट्रेलिया वहां सैन्य और तकनीकी मदद भेजने वाला पहला देश होगा। यह सीधे तौर पर चीन के पेसिफिक विस्तार पर एक ब्रेक लगाने की तरह होगा। अब बात करते हैं हम उस डील की जो भारत के लिए गेम चेंजर है। मेलबर्न में प्रधानमंत्री मोदी और पीएम





एल्बनीज की मुलाकात होने वाली है। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों देश यूरेनियम निर्यात समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं।

यूरेनियम डील आखिर क्या है?
भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम की कहानी उतार-चढ़ाव से भरी रही है। ऑस्ट्रेलिया के पास लगभग दुनिया का 30% यूरेनियम भंडार है। लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया ने भारत को यूरेनियम देने से मना कर दिया था। क्योंकि भारत ने परमाणु व प्रसार संधि एनपीटी पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। लेकिन साल 2008 में जब भारत को परमाणु व्यापार के लिए विशेष छूट मिली तब रास्ते खुले। 2014 में तात्कालीन पीएम टोनी अवार्ड ने भारत के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। लेकिन तकनीकी पेच हमेशा फंसे रहे। सबसे बड़ी समस्या थी सेफगाड्र्स यानी सुरक्षा मानक। ऑस्ट्रेलिया चाहता था कि उसका यूरेनियम केवल नागरिक परमाणु ऊर्जा के लिए इस्तेमाल हो ना कि हथियारों के लिए। द ऑस्ट्रेलियन की रिपोर्ट कहती है कि दोनों देशों ने अब इस तकनीकी मुद्दे को सुलझा लिया है। इसका मतलब यह है कि अब कागजी कारवाई खत्म हो चुकी है और जल्द ही भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम सप्लाई शुरू होने वाली है। खेल
भारत के लिए डील इतनी इंपॉर्टेंट क्यों है?भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और इसके लिए भारत को बेतहाशा बिजली चाहिए। फिलहाल भारत अपनी अधिकांश बिजली कोयले से बनाता है जिससे प्रदूषण होता है। भारत ने लक्ष्य रखा है कि साल 2070 तक वो नेट जीरो उत्सर्जन करने वाला देश बनेगा। इसके लिए हमें कोयले को छोड़कर परमाणु ऊर्जा की तरफ जाना होगा। भारत में वर्तमान समय में 22 से ज्यादा परमाणु रिएक्टर हैं और कई नए बन रहे हैं।

# मोदी को मारने की धमकी देने वाला कौन निकला, हिल गया ऑस्ट्रेलिया !

**ऑस्ट्रेलिया**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने से पहले जान से मारने की धमकी मिली है। पीएम मोदी 8 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। जिसने पीएम मोदी को मारने की धमकी दी है, उसका नाम आपके होश उड़ा देगा। इस घटना के बाद ऑस्ट्रेलिया और भारत की सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। दरअसल ऑस्ट्रेलिया को लिबरल बनना बहुत महंगा पड़ रहा है। पाकिस्तानियों और खस्तानियों को पालने की जो गलती ब्रिटेन ने की वो ऑस्ट्रेलिया भी कर रहा है। कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज भाईचारा निभाने के लिए ईद के दौरान सिडनी की एक मस्जिद में पहुंचे थे। लेकिन वहां मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज को भागने पर मजबूर कर दिया। मस्जिद में लोगों ने एंथनी एल्बनीज से कहा कि



तुम इजराइल के साथी हो। तुम भी फिलिस्तीन के गुनाहगार हो। सिर्फ 10 सेकंड में एंथनी एल्बनीज का सेकुलरिज्म और भाईचारा निकल गया। ऑस्ट्रेलिया की हालत इतनी खराब हो गई है कि जो लोग कट्टरपंथियों और खस्तानियों का विरोध करते हैं। उन्हीं लोगों पर इस्लामोफोबिक होने का ठप्पा लगा दिया जाता है। उदाहरण के लिए इस तस्वीर को देखिए। मुस्लिम शरणार्थियों का विरोध करने के लिए पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की एक नेता पॉलिन हसन संसद में बुर्का पहनकर पहुंच गई थी। पॉलिन हसन का कहना था कि बुर्का हमारी पहचान नहीं है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अब हर जगह बुर्का दिख रहा है। ऐसे में अगर किसी को बुर्के से दिक्कत नहीं है तो मैं पार्लियामेंट में बुर्का पहन कर आऊंगी।

पॉलिन हसन को बुर्के में देख ऑस्ट्रेलिया की संसद में हड़कंप मच गया। हैरानी की बात देखिए कि पॉलिन हसन को ही पार्लियामेंट से सस्पेंड कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया में जो खालिस्तानियों का विरोध करता है उसके साथ भी ऐसा ही होता है। यही कारण है कि अबू मुस्तफा नाम के एक शख्स ने बिना डरे पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी को 9 जुलाई के दिन मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में मेलबर्न मीट्स मोदी नाम के कार्यक्रम में शामिल होना है। इसी कार्यक्रम के पहले अबू मुस्तफा नाम के एक व्यक्ति ने [illegible]' पर पोस्ट लिखा। अबू मुस्तफा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम की छत को बंद रखना नहीं तो ऑस्ट्रेलिया में पीएम मोदी को मार दिया जाएगा। यानी यह शख्स बोल रहा है कि वह स्टेडियम में पीएम मोदी पर हमला करेगा।

ऑस्ट्रेलिया की जांच एजेंसियों ने पोस्ट करने वाले के कंप्यूटर का आईपी एड्रेस लोकेट कर लिया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है।

# नेता सरदार अमान ने लगाई गुहार- भारत हमारी मदद करे



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीच, जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी के नेता सरदार अमान खान ने भारत से मानवीय मदद की अपील की है। उनका कहना है कि पाकिस्तान की सख़्त कार्रवाई ने इस इलाके को गंभीर संकट में डाल दिया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो में खान ने कहा कि ढङ्कङ में लोग खाने-पीने की चीजों और जरूरी सामान की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने नई दिल्ली से इस मामले में दखल देने की अपील की। खान ने कहा हमें भारत की मदद चाहिए। राशन की कमी है और हमें आपकी मदद की जरूरत है।
रावलकोट के ईदगाह मैदान में एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए, खान ने लाइन ऑफ कंट्रोल को खोलने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर हालात और बिगड़ते हैं, तो आम नागरिकों के पास भारत जाने का विकल्प होना चाहिए। उन्होंने भीड़ से पूछा कि क्या उन्हें छङ्कउ की ओर मार्च करना चाहिए, जिस पर लोगों ने बार-बार जवाब दिया, उसकी ओर बढ़ो। खान ने पुंछ और डोडा सेक्टर में भी छङ्कउ खोलने की अपील की और कहा कि पाकिस्तान के कदमों ने आम निवासियों का जीवन बहुत मुश्किल बना दिया है। अधिकारियों को बल प्रयोग न करने की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर लोगों की मांगों का जवाब गोलियों से दिया गया, तो हमारे पास दूसरे रास्ते भी हैं। एक दिन बाद जारी एक अलग वीडियो संदेश में, खान ने अपनी अपील को पूरे जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के लोगों तक बढ़ाया, जिसमें श्रीनगर, बारामूला, पुंछ, राजौरी, जम्मू, लद्दाख, करगिल और गिलगित-बाल्टिस्तान शामिल थे। उन्होंने दावा किया कि ढङ्कखङ लगभग एक महीने से लगातार दबाव और दमन का सामना कर रहा है और पूरे क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया कि वे चल रही घटनाओं के बारे में जागरूक रहें।
यह अपील ऐसे समय में आई है जब पूरे ढङ्कङ में सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। शुरूआत में ये प्रदर्शन आर्थिक मुद्दों और कामकाज के तरीकों पर केंद्रित थे, लेकिन अब इन्होंने एक मजबूत राजनीतिक रंग ले लिया है। पिछले हफ़्ते हुई एक बड़ी रैली में प्रदर्शनकारियों ने ढङ्कङ पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है।

# प्रशांत महासागर में ड्रैगन का परमाणु तांडव



**चीन**

**दुनिया** इस वक्त तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी महसूस कर रही है। सोमवार (6 जुलाई, 2026) को दक्षिण प्रशांत महासागर के अशांत पानी को चीरते हुए चीन की नौसेना ने एक ऐसा कदम उठाया है जिसने पूरी दुनिया के सैन्य विशेषज्ञों और महाशक्तियों के होश उड़ा दिए हैं। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने अपनी अत्याधुनिक परमाणु संचालित पनडुब्बी से लंबी दूरी तक प्रहार करने में सक्षम इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (का एक सीक्रेट और बेहद खतरनाक परीक्षण किया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के हवाले से आई इस खबर ने अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक, पूरे ग्लोबल डिफेंस कॉरिडोर में खलबली मचा दी है। राजनीति चिनियाँ मीडिया के मुताबिक, यह सनसनीखेज प्रक्षेपण सोमवार दोपहर ठीक 12 बजकर 01 मिनट पर किया गया। डमी वॉरहेड से लैसः हालांकि राहत की बात यह रही कि यह मिसाइल एक 'डमी' (नकली/प्रायोगिक) हथियार से लैस थी, लेकिन इसके जरिए चीन ने अपनी न्यूक्लियर सबमरीन की मारक क्षमता और 'सेकंड स्ट्राइक कैपेबिलिटी' (परमाणु हमले के बाद जवाबी हमला करने की क्षमता) का जो प्रदर्शन किया है, वह सीधा वॉशिंगटन और उसके सहयोगियों को खुली चुनौती है।
रणनीतिक टाइमिंगः यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है जब इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पहले से ही भारी सैन्य तनाव बना हुआ है। समंदर के नीचे से दागी गई इस मिसाइल ने यह साबित कर दिया है कि ड्रैगन अब सीधे अमेरिकी मुख्य भूमि या उसके किसी भी सहयोगी देश को अपनी पनडुब्बियों के जरिए निशाना बना सकता है।

# सुनो मेरे पास भारत जैसा मजबूत दोस्त, नेतन्याहू ने जेडी वेंस के एकमात्र सहयोगी वाले दावे को नकारा

**इजराइल**

**अमेरिकी** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की "एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी" वाली टिप्पणी पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ा रुख अपनाया है। नेतन्याहू ने वेंस के उस दावे को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के अलावा इजरायल का दुनिया में कोई और बड़ा मददगार नहीं है। फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में नेतन्याहू ने भारत का विशेष जिक्र करते हुए कहा कि इजरायल को भारत से




जबरदस्त समर्थन हासिल है। उन्होंने तंजिया और आक्रामक लहजे में कहा कि हमारे पास भारत जैसा एक दोस्त है, जहाँ 1.4 अरब (140 करोड़) की आबादी रहती है और वहाँ के लोग इजरायल के साथ मजबूती से खड़े हैं। हालांकि, नेतन्याहू ने यह भी साफ किया कि वे जेडी वेंस का पूरा सम्मान करते हैं और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को व्हाइट हाउस में इजरायल का अब तक का सबसे महान दोस्त मानते हैं। इसके बावजूद उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे वेंस की हर बात से सहमत नहीं हो सकते और इस सच को सामने रखना बेहद जरूरी था। गौरतलब है कि नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय में आया है जब गाजा, ईरान और लेबनान के साथ जारी भीषण युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर इजरायल की काफी आलोचना हो रही है ।

# अचानक ट्रंप ने घुमाया पुतिन को फोन, 90 मिनट में यूक्रेन पर क्या सीक्रेट बात हो गई?

**अमेरिका**

**दुनिया** के दो सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका और रूस के राष्ट्रपतियों के बीच करीब 90 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई है। क्या यह एक इशारा है कि रूस और यूक्रेन का युद्ध अब कभी भी रुक सकता है? आखिर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन के साथ इस फोन कॉल पर क्या बातचीत की जिसको लेकर पूरी दुनिया की कूटनीति में हलचल मची हुई है। अगले हफ्ते तुर्की में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन से ठीक पहले खबर आई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन को फोन घुमाया है और करीब डेढ़ घंटे यानी कि 90 मिनट तक उनसे बातचीत की है और अब इस बातचीत के कई सारे अहम पहलू सामने आ रहे हैं। दरअसल क्रेमलिन के वरिष्ठ सहयोगी यूरी उषाकोब के मुताबिक ट्रंप ने एक बार फिर से यूक्रेन युद्ध को खत्म करवाने में मदद की पेशकश की है। ट्रंप ने साफ कहा कि वह इस लंबे और खूनी संघर्ष का जल्द से जल्द समाधान चाहते हैं। इसके लिए हर संभव कोशिश करने को ट्रंप तैयार हैं। दूसरी तरफ क्रिमलिन ने इस बातचीत को सकारात्मक और रचनात्मक बताया है। हालांकि रूस ने यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी भी शांति समझौते में उसके रणनीतिक हितों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को प्राथमिकता देनी होगी। इस बातचीत में पुतिन ने ट्रंप से कहा है कि स्थाई समाधान तभी संभव है जब रूस की मूल मांगों को गंभीरता से लिया जाए। फोन कॉल के दौरान दोनों नेताओं के बीच सिर्फ शांति की ही बात नहीं हुई बल्कि




युद्ध के मौजूदा हालात पर भी विस्तार से चर्चा हुई है। पुतिन ने ट्रंप को युद्ध के मैदान की स्थिति से अवगत कराया और दावा किया कि रूसी सेना ने डोनेस्क के इलाके में कुशियाका पर कब्जा कर लिया है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमर जेलेंस्की और यूक्रेनी सेना ने इस दावे को खारिज कर दिया है।
वहीं रूस ने यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों पर तनाव बढ़ाने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा कि रूसी तेल प्रतिष्ठानों पर हमले कर इस संघर्ष को भड़काया जा रहा है। इस बातचीत का एक दिलचस्प पहलू यह भी निकल कर आ रहा है कि ट्रंप ने अपने दो विशेष दूत यानी कि सीविटक और जेरेट कुशनर का भी जिक्र किया है। उन्होंने पुतिन से कहा कि यह दोनों प्रतिनिधि लगातार समाधान तलाशने में लगे हुए हैं और जरूरत पड़ने पर फिर से मॉस्को का दौरा भी कर सकते हैं। इसी बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादमीर जेलस्की का रुख भी पहले के मुकाबले कुछ बदला हुआ दिखाई दिया है।

# बूढ़े से शख्स ने शहादत देकर मुल्क बचाया, ग्रैंड मोसल्ला से ईरान पर इमरान ने लूट ली महफिल

**ईरान**

**ईरान** की राजधानी तेहरान आज एक ऐसे ऐतिहासिक और भावुक जनसैलाब की गवाह बन रही है जिसे दुनिया शायद ही कभी भूल पाए। पूर्व सुप्रीम लीडर आयातुल्ला अली खामनेई के अंतिम विदाई में पूरा ईरान सड़कों पर उतर आया है। दुनिया भर के नेता और उनके समर्थक उन्हें नम आंखों से विदाई देने तेहरान पहुंच रहे हैं। लेकिन जो लोग वहां नहीं पहुंच पाए वो अपने-अपने अंदाज में इस कद्दावर नेता को याद कर रहे हैं। इसी कड़ी में भारत से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ ने अली खामनेई को एक बेहद खास और काव्यात्मक श्रद्धांजलि दी। इमरान की यह शायरी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इमरान ने इस दौरान शायराना अंदाज में कहा कि सब कुछ नछावर करके भी फर्ज निभाया जाता है। इस दुनिया से वापस जाने को ही आया जाता है। इस दुनिया से वापस जाने को ही आया जाता है। इस दुनिया से वापस जाने को ही आया जाता है। एक बूढ़े से शख्स ने सारी दुनिया को ये बता दिया।
एक बूढ़े से शख्स ने सारी दुनिया को ये बता दिया। अपनी शहादत देकर के भी मुल्क बचाया जाता है। अपनी शहादत देकर के भी मुल्क बचाया जाता है। ईरान की राजधानी तेहरान इन दिनों गहरे शोक में डूबी है। तेहरान का ग्रैंड मुसल्ला परिसर और वहां तक जाने वाली तमाम प्रमुख सड़कें लोगों की भारी भीड़ से पूरी तरह से पैक हो चुकी हैं। लाखों लोगों का हुजूम अपने दिगबंद नेता को अंतिम विदाई देने के लिए उमड़ पड़ा है। लोगों



के हाथों में ईरानी झंडे और शोक के प्रतीक काले झंडे हैं। सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि भारी संख्या में महिलाएं और छोटे बच्चे भी नम आंखों से अली खामनेई के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे हैं। पूरे तैहरान में सिर्फ सिसकियों और नारों की आवाजें गूंज रही हैं। इस ऐतिहासिक विदाई में दुनिया भर से लोग अपनी संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं। भारत में भी राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में इसकी चर्चा है। कांग्रेस सांसद और देश के जानेमाने शायर इमरान प्रतापगढ़ ने भी अपने चिर परिचित अंदाज में अली खामन को याद किया। इमरान ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक बेहद जज्बाती पोस्ट लिखा जिसमें उन्होंने अली खामने के जीवन उनके संघर्ष और उनके आखिरी बलिदान को शब्दों में पिरोया। इमरान प्रतापगढ़ ने लिखा सब कुछ न्योछावर करके ही फर्ज निभाया जाता है। इस दुनिया से वापस जाने को ही आया जाता है। यह पोस्ट बताता है कि खामने का असर सिर्फ मिडिल ईस्ट तक सीमित नहीं था बल्कि दुनिया भर के लोग उनके मुल्क के प्रति उनके जज्बे को किस नजरिए से देखते हैं। तेहरान के विभिन्न स्थलों पर हजारों की संख्या में लोग जुट चुके हैं और वे खामेनेई के सम्मान में झंडे तथा बैनर लहरा रहे हैं। शोक के मद्देनजर प्रशासन ने प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया है। हवाई क्षेत्र पर भी पाबंदियां लगाई गई हैं और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। शनिवार से शुरू हुआ यह राष्ट्रीय शोक बृहस्पतिवार को समाप्त होगा। इसके बाद 86 वर्षीय खामेनेई को उनके जन्मस्थान मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस बीच, अमेरिका ईरान के साथ उन वाताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है, जिनका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह फिर से खोलना, उसके विवादित परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना और युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करना है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि ये वाताएं अंतिम संस्कार संपन्न होने तक स्थगित रहेंगी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# सम्पादकीय

## मीरा जैसी विद्रोही तीजनबाई

**सुप्रसिद्ध** पंडवानी गायिका तीजनबाई ने लोककला के मंच को सूना करते हुए इस संसार से विदा ले ली है। हालांकि उनके तंबूरे की धुन और बुलंद लेकिन मधुर आवाज लोक कला संसार में उसी तरह गूंजती रहेगी, जैसे तानपूरा लिए मीरा बाई के भजन। कृष्ण की भक्ति में डूबी मीरा ने जमाने के बनाए नियमों के विरुद्ध जाकर अपने गिरधर गोपाल के भजन लिखे और गाए। भक्तिभाव हर इंसान का हक है और उसे जाहिर करने में स्त्री-पुरुष का भेद नहीं होना चाहिए, इस बराबरी के सिद्धांत को मीरा ने सारे संघर्षों के साथ निभाया। तो उन्हीं की तरह तीजनबाई ने भी पंडवानी गायन की कला में स्त्री-पुरुष के भेद को चुनौती दी। और उस कापालिक शैली की पंडवानी को अपने जीवन से जोड़ा जो एक वक्त तक केवल पुरुषों के अधिकार क्षेत्र में थी। इस तरह तीजनबाई का जाना सिर्फ एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि लोककला में उस सांस्कृ तिक क्रांति के एक युग का अंत है जिसने आधी आबादी को खुलकर अपनी कला प्रदर्शित करने का हौसला दिया। तीजनबाई को छत्तीसगढ़ के गांवों से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक खूब सराहना मिली, उनकी कला की कद्र हुई। देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मविभूषण से उन्हें नवाजा गया। डी लिट् की उपाधि उन्हें मिली। इंदिरा गांधी से लेकर हबीब तनवीर तक कई अहम हस्तियां उनकी कला की प्रशंसक रहीं, इन सबके बावजूद तीजनबाई के जीवन संघर्ष खत्म नहीं हुए। लेकिन उन्होंने अपनी कला को जीवित रखने और आगे बढ़ाने का अद्भुत जज्बा दिखाया और किसी भी हाल में टूटी नहीं। दुर्ग जिले के गनियारी गांव में जन्मी तीजनबाई 'पारधी' अनुसूचित जनजाति से आती थीं। इस जनजाति को अंग्रेजों ने आपराधिक जनजाति अधिनियम, 1871 के तहत अपराधी जाति घोषित कर दिया था, बाद में जवाहर लाल नेहरू के प्रयास से 31 अगस्त, 1952 को यह अधिनियम निरस्त कर दिया गया। मगर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के आ जाने से इस जाति के लोगों की रोजी-रोटी पर गहरा संकट छा गया। इस समुदाय के अधिकतर लोग दिहाड़ी मजदूरी करके जीवनयापन करने को मजबूर हो गए। ऐसे समुदाय से आने वाली तीजनबाई ने बचपन से ही पंडवानी के लिए अपना रुझान दिखाया और फिर इससे ऐसी पहचान बनाई कि पंडवानी और तीजनबाई एक-दूसरे के पूरक हो गए। बचपन में तीजनबाई अपने नाना को पंडवानी गाते हुए सुनती थीं। एक बार नाना ने उन्हें सुनते देखा तो उन्होंने तीजनबाई को गाना सिखाया। यहीं से तीजन बाई का संगीत का सफर शुरू हुआ। 13 साल की उम्र में तीजनबाई ने पहली बार मंच पर प्रस्तुति दी। लेकिन सबको चौंकाते हुए उन्होंने पंडवानी की कापालिक शैली को अपनाया, जिसमें खड़े होकर गाया जाता है। जबकि तब महिलाएं केवल बैठकर 'वेदमती शैली' में पंडवानी गाती थीं। तीजनबाई ने सामाजिक बंधनों और पुरुषों के वर्चस्व को चुनौती देते हुए हाथ में तंबूरा लेकर, खड़े होकर और गरजती हुई आवाज में महाभारत के प्रसंगों का ऐसा गान शुरू किया, जो इतिहास बन गया।

# सिस्टम की खराबी का संकेत है अयोध्या घोटाला!

**जगदीश रत्तनानी**

**अगर** किसी लक्ष्य को पाने के लिए मूल्यों का उल्लंघन किया जाए तो सब कुछ बर्बाद हो जाता है चाहे वह लक्ष्य कितना भी अच्छा क्यों न हो। यह सच है कि कुछ उलझनें और दुविधाएं होती हैं लेकिन मूल्यों को ध्यान में रखकर ही उनसे भी निपटना चाहिए। इससे कम कुछ भी करना थोड़े समय के लिए तो सुविधाजनक हो सकता है लेकिन लंबे समय में यह नुकसान ही पहुंचाएगा।

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में दान और चढ़ावे के गलत इस्तेमाल के आरोपों को लेकर हो रहा विवाद भारतीय संस्थाओं में फैली व्यापक गिरावट का एक और चौंकाने वाला उदाहरण है। हमारी राजनीतिक व्यवस्था, संवैधानिक संस्थाएं, स्वतंत्र निगरानी एजेंसियां और अब आस्था व पूजा के स्थान भी एक ही तरह की गड़बड़ियों में डूबे हुए लगते हैं। परीक्षा के पेपर लीक होने से लेकर जमीनें हड़पने और बैंकिंग घोटालों जैसे भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों के बीच देश की दिशा को लेकर निराशा का माहौल बन गया है और ये सब लोगों की नजरों के सामने हो रहा है।

अयोध्या के घोटाले को गिरावट के एक नए निचले स्तर के तौर पर देखना आसान है। आखिरकार, यह वही जगह है जो भारतीय जनता पार्टी की राजनीति एवं धर्म के उतार-चढ़ाव भरे मिश्रण के केंद्र में रही है और जिसने 1984 के लोकसभा चुनाव में दो सीटों से लेकर 2014 में 282 सीटों तक पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने में मदद की है। इस लिहाज से यह भाजपा के राजनीतिक 'गर्भगृह' (सबसे पवित्र स्थान) में हुआ घोटाला है। यह उन लाखों श्रद्धालुओं की आस्था तथा श्रद्धा का मजाक उड़ाता है जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण एवं रखरखाव में योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार 22 जनवरी, 2024 को मंदिर के उद्घाटन के बाद से लगभग 50 करोड़ श्रद्धालु यहां आ चुके हैं। आस्था के इतने पवित्र प्रतीक के भी उन लोगों द्वारा लूटे जाने का खतरा है जिन्हें इसके निर्माण और रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यह स्थिति उस नए निचले स्तर को दशार्ती है जिसकी चर्चा हो रही है।

अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' ट्रस्ट के सर्वेसर्वा महासचिव चंपत राय ने इस्तीफा दे दिया है। यह ट्रस्ट मंदिर का काम-काज संभालता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई है और जांच के दौरान आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। किसी आम घोटाले के मामले में यह एक आम राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिक्रिया है। इस तरह की कार्रवाई का मकसद भरोसा बहाल करना होता है लेकिन यहां भरोसे का कमजोर पड़ना कुछ ज्यादा ही अहम बात की ओर इशारा करता है।




इससे आस्था रखने वालों को यह समझ आता है कि शासन-व्यवस्था के चरमराने का क्या मतलब होता है। अब तक सत्ता के कमजोर पहलू- जैसे लोकतंत्र, पारदर्शिता, उचित प्रक्रिया, ईमानदारी और ऐसी ही दूसरी चीजों पर उठने वाले सवालों को सिर्फ. रोजमर्रा की राजनीति से जुड़े सवाल माना जाता था। यदि राजनीति दांव-पेंच वाली है तो नेताओं को अपनी पकड़ बनाए रखते तथा अपना एजेंडा आगे बढ़ाते हुए खेलना सीखना होगा। शासन-व्यवस्था को लेकर यह आसान और बंटा हुआ नजरिया है कि 'खराब' शासन-व्यवस्था को एक दायरे में सीमित किया जा सकता है और उससे कुछ 'अच्छा' भी निकल सकता है पर यह दृष्टिकोण राम मंदिर घोटाले के मामले में पूरी तरह गलत साबित होता है। यह उन लोगों को दिखाता है जिन्होंने अब तक मुश्किल सवाल पूछने से इन्कार किया है कि शासन-व्यवस्था का चरमराना देश और उसके साथ बैठे हर एक की नाव को डुबो देता है- चाहे वे आस्था रखने वाले हों या न रखने वाले हों। इस तरह खराब शासन-व्यवस्था एक ऐसी आग की तरह काम करती है जो सब कुछ जलाकर राख कर देती है। इस नजरिए से देखें तो अयोध्या का विवाद कोई नई बात या बहुत नीचे गिरने वाली घटना नहीं है। यह उस रास्ते का नतीजा है जहां सिर्फ. मकसद पूरा करने पर ध्यान दिया जाता है और उसे पाने के तरीके की परवाह नहीं की जाती। अयोध्या में जो हुआ वह उस नेतृत्व और सत्ता हथियाने के सिस्टम का तार्किक नतीजा है जो इस बात पर यकीन करता है कि सिर्फ नतीजे मायने रखते हैं, उन्हें पाने का तरीका नहीं।

इस रास्ते को अपनाकर हम उस एक सिद्धांत को छोड़ देते हैं जिसे भारतीय आध्यात्मिक परंपराएं सबसे ऊपर मानती हैं, कि धर्म का रास्ता सबसे आगे होना चाहिए और अर्थ (पैसा/सत्ता) उसके पीछे चलना चाहिए या यह कि भारतीय जीवन-शैली और तरक्की के मूल में मूल्य होते हैं।

भारतीय परंपरा में गलत तरीकों से हासिल की गई किसी भी चीज को सफलता या उपलब्धि नहीं माना जाता। यह एक बहुत बड़ी भारतीय आध्यात्मिक सीख है जिसे अनगिनत प्रवचनों और कथाओं में दोहराया गया है कि अगर किसी लक्ष्य को पाने के लिए मूल्यों का उल्लंघन किया जाए तो सब कुछ बर्बाद हो जाता है चाहे वह लक्ष्य कितना भी अच्छा क्यों न हो। यह सच है कि कुछ उलझनें और दुविधाएं होती हैं लेकिन मूल्यों को ध्यान में रखकर ही उनसे भी निपटना चाहिए। इससे कम कुछ भी करना थोड़े समय के लिए तो सुविधाजनक हो सकता है लेकिन लंबे समय में यह नुकसान ही पहुंचाएगा। राम मंदिर विवाद हमें बताता है कि यह सारी समझ अब उलट गई है। यह लूट सि$र्फ भौतिक संपत्ति तक सीमित नहीं है बल्कि यह उन लोगों द्वारा हमारी सभ्यता और आध्यात्मिक परंपराओं को नष्ट करना है जो खुद को उनकी रक्षा करने वाला बताते हैं। अद्वैत वेदांत के मशहूर विद्वान और शिक्षक स्वामी दयानंद सरस्वती (1930-2015) ने मूल्य आधारित जीवन के प्रति इस जरूरी कर्तव्य के बारे में बात की थी। स्वामी दयानंद ने न सिर्फ मूल्यों को समझने बल्कि उन मूल्यों के अनुसार जीने के महत्व को भी सिखाया। अपनी किताब 'वैल्यू ऑफ वैल्यूज' में उन्होंने लिखा- 'मेरे जीवन की अभिव्यक्ति असल में मेरे अच्छी तरह से अपनाए गए मूल्यों के ढांचे की अभिव्यक्ति है। सिर्फ अपनाए गए मूल्य ही मेरे निजी मूल्य होते हैं जो यह दिखाते हैं कि मेरे लिए क्या कीमती है।' इस सीख में मूल्यों को मन में उतारना होता है और उन्हें अपनाने वाले व्यक्ति का अभिन्न अंग बनना होता है। तब उनका पालन स्वाभाविक रूप से होता है न कि उन्हें थोपा जाता है। इसके अलावा बाकी सब कुछ मूल्यों के नाम पर किया जाने वाला दिखावा बन जाता है। स्वामी दयानंद सरस्वती को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना आध्यात्मिक गुरु मानते थे।

कैरियर संसाधन और योजना निर्माण

फिर भी, मूल्यों को लेकर एक जटिल और गहरी बात है। जब चाहे अक्षरशः हो या भावना के स्तर पर- हर मूल्य का उल्लंघन करके नतीजे हासिल किए जा सकते हैं तो मूल्य कम काम के लगते हैं। जैसा कि भारत में सत्ताधारी व्यवस्था के मामले में देखा गया है कि जब चालाक व होशियार लोग इस खेल का मजा लेने लगते हैं और बिना किसी मूल्य-व्यवस्था के एक के बाद एक सफलता हासिल करते हैं तो वे व्यवस्था को एक जबरदस्त पतन की ओर धकेल देते हैं। भरोसा खत्म हो जाता है, व्यवस्था में गिरावट आने लगती है और हर उपलब्धि खोखली लगने लगती है क्योंकि कल की 'सफलता' की निशानियां आज एक बहुत बड़े पतन की सीढ़ियां साबित होती हैं। सच तो यह है कि मूल्यों के बारे में सबसे अच्छे सबक हमें गांधी से मिलते हैं। वे साधन और साध्य (लक्ष्य) के बीच कोई फर्क नहीं मानते थे- साधन ही साध्य हैं क्योंकि वे ही वे बीज हैं जो कल फूल बनकर खिलेंगे। आखिरकार एक सड़ा हुआ बीज किसी भी तरह से उपयोगी पेड़ नहीं बन सकता।

# उज्जैन से अयोध्या यात्रा: दिग्विजय फिर सुर्खियों में

**शकील अख्तर**

**देश** में बदलाव की लहर शुरू हो गई है। विपक्ष के दूसरे दल कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जहां चुनाव हैं। वहां अखिलेश यादव कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का पैगाम बार-बार दे रहे हैं। राहुल भी उसी तरह का गर्मजोशी का जवाब दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है और जो इस दायरे से बाहर भी है वे भी मुद्दों पर साथ आ रहे हैं।

दिग्विजय सिंह ने बाजी पलट दी। उनके खिलाफ कांग्रेस में ही जो माहौल बनाया जा रहा था वह उनकी एक घोषणा से छिन्न-भिन्न हो गया। उन्हें जो राजनीति का चाणक्य कहा जाता था वह उन्होंने साबित कर के दिखा दिया।

उज्जैन के महाकाल मंदिर से अयोध्या के श्रीराम मंदिर तक की पद यात्रा की घोषणा से मध्य प्रदेश के वे सब कांग्रेसी चौंक गए, सदमे में आ गए जो सोच रहे थे कि उन्होंने दिग्विजय को राजनीति से खत्म कर दिया।

दिग्विजय की यह घोषणा एक धमाके की तरह थी। वे कांग्रेसी रक्षात्मक मुद्रा में चले गए जिन्होंने पार्टी की पोलिटिकल कमेटी की मीटिंग में दिग्विजय पर भाजपा का स्लीपर सेल होने से लेकर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की हार के जिम्मेदार, पुत्र मोह तक के आरोप लगा दिए। विधायक आरिफ मसूद को बाकायदा सफाई देना पड़ी कि उन्होंने स्लीपर सेल नहीं कहा। मौके के फायदा उठाकर राजनीतिक वनवास में जा चुके सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी ने भी आरोप लगा दिए कि उन्होंने कांग्रेस पर कब्जा कर रखा है।

इस मामले में कोई दो राय नहीं कि दिग्विजय के 50 साल से ज्यादा के लंबे राजनीतिक सफर में कांग्रेस में कई लोगों से उनकी प्रतिद्वंद्विता रही। सत्यव्रत चतुर्वेदी भी उनमें से एक थे मगर वे भाजपा के लिए काम करते हैं इस आरोप को कोई नहीं मानेगा। खुद चतुर्वेदी को कांग्रेस से निष्कासित किया जा चुका है। उनके बेटे को भी जो 2018 विधानसभा में सपा से चुनाव लड़ा था।

मगर इस समय एकाएक सबको लगा कि इस समय दिग्विजय का विकेट कमजोर है उसे गिरा दो। राजनीति में यह होता है कि अगर लगे कि किसी को दिल्ली का समर्थन नहीं है तो लोग तत्काल पाला बदल लेते हैं। मध्य प्रदेश में तो यह बहुत होता है। दोनों पार्टियों में। भाजपा में उमा भारती के साथ हुआ। इसके बावजूद की 2003 में भाजपा को सत्ता में वही लाईं थीं और फिर रोज शिवराज की जय जयकार करने वाले किस तरह मोहन यादव में मोहन युग देखने लगे यह भी सब देख रहे हैं। इससे पहले के नेताओं कैलाश जोशी वगैरह के साथ भी।




कांग्रेस में तो यह और ज्यादा शोर के साथ होता है। शुक्ल बंधु श्यामाचरण और विद्याचरण किस तरह अलग थलग पड़ गए सबने देखा। उनका पावर भी लोगों को याद है। मगर समय बदला तो एक आदमी भी उनके साथ नहीं होता था। और यह सब के साथ हुआ डीपी मिश्रा, प्रकाशचन्द्र सेठी, अर्जुन सिंह सत्ता में न रहने और हाईकमान का हाथ हटने के बाद एकदम अकेले पड़ गए।

यही कोशिश दिग्विजय के साथ थी। मगर मध्य प्रदेश की राजनीति में यह पहली बार हुआ कि किसी ने समय की धारा को बदला हो।

देश की राजनीति में यह काम नेहरू गांधी परिवार करता रहा। 1980 में इन्दिरा गांधी ने वापसी की। 2004 में सोनिया गांधी ने और 2022 में राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा निकालकर। और उसके बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनकर खुद का नेतृत्व साबित कर दिया और कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष में उम्मीदें भर दीं। यह समय राहुल का है। मोदी हर मोर्चे पर डिफेन्सिव हैं।

राजनीति में वापसी के लिए सबसे जरूरी चीज होती है-विल पावर। मजबूत इच्छाशक्ति। राहुल लगातार वह दिखा रहे हैं और इधर दिग्विजय ने भी वही दिखाई है। कुछ ही महीनों बाद 80 के हो जाएंगे। जब सार्वजिनक घोषणा करने से पहले खुद दोस्तों को बताया था कि इस बार राज्यसभा नहीं लेंगे तो मजाक में कहा था- बूढ़ा हो गया हूं। मगर जैसा बुंदेलखंडी में कहते हैं कि ना तो बुंदेला बुढ़ो पड़ गओ, न ही लचक गई तलवार! मतलब अगर कहीं कोई चुनौती आती है तो उम्र कोई बाधा नहीं है।

2017 में जब उन्होंने नर्मदा यात्रा की घोषणा की थी तो किसी को अंदाजा नहीं था कि वह इतनी सफल रहेगी और 2018 विधानसभा में कांग्रेस की वापसी करवा देगी। करीब 3300 किलोमीटर की यह पैदल यात्रा आधे साल से ज्यादा चली थी। पत्नी अमृता राय ने भी पूरी यात्रा पैदल साथ की।

तब दशहरे से यात्रा शुरू की थी। अब भी वही दिन होंगे। 2 अक्टूबर को गांधी जयन्ती से उज्जैन से शुरू करेंगे। करीब हजार किलोमीटर। दिग्विजय ने कहा है कि करीब 10-15 किलोमीटर रोज चलेंगे। मतलब ढाई से तीन महीने की यह पदयात्रा होगी। कई राज्यों से होते हुए। राष्ट्रीय महत्व की।

उज्जैन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर जमीनों को हड़पने का आरोप है और अयोध्या में आरएसएस विश्व हिन्दू परिषद पर चढ़ावा चोरी का। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रस्ट बनाया था उद्घाटन किया था। मगर जिस आस्था के सम्मान के नाम पर सत्ता में आए हैं उसकी चोट पर एक शब्द नहीं बोले हैं।

दुनिया में हमारा जलवा है यही बता रहे हैं। वहां जब सारी निगरानी इनकी थी। ट्रस्ट में आदमी इनके थे तो लोगों की आस्थाओं के साथ कैसे खिलवाड़ हुआ? यह नहीं बता रहे।

दिग्विजय सिंह की पद यात्रा में यह सवाल रोज उठेंगे। मोदी के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। राहुल को भी इस यात्रा में शामिल होना चाहिए। नर्मदा यात्रा में दिल्ली में बैठे कांग्रेस के नेताओं ने ही राहुल को इसमें शामिल नहीं होने दिया था। कई बार प्रोग्राम बना और भांजी मारने वालों ने हर बार कैन्सिल करवा दिया। वे लोग राहुल के भी शुभचिन्तक नहीं थे। आखिर में उन्होंने ही राहुल का अध्यक्ष पद से इस्तीफा भी करवाया। खुद साइन न करके जी-23 भी बनवाया। जिसने सोनिया गांधी के अस्पताल में रहते हुए उन्हें राहुल के खिलाफ चिट्ठी लिखी।

वाकई राहुल का संयम और किसी को नुकसान पहुंचाने की भावना से दूर रहना बहुत बड़ी बात है। अगर वे बदला लेते तो कांग्रेस के बहुत सारे बड़े नेताओं को निपटा सकते थे। मगर जी-23 उसकी साजिश के पीछे के लोग किसी को उन्होंने नुकसान नहीं पहुंचाया।

देश में बदलाव की लहर शुरू हो गई है। विपक्ष के दूसरे दल कांग्रेस के साथ जुड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जहां चुनाव हैं। वहां अखिलेश यादव कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का पैगाम बार-बार दे रहे हैं। राहुल भी उसी तरह का गर्मजोशी का जवाब दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है और जो इस दायरे से बाहर भी है वे भी मुद्दों पर साथ आ रहे हैं।

डीएमके और आम आदमी पार्टी ने अभी एसआईआर के नाम पर भाजपा को फायदा पहुंचाने के विरोध में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखे पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसका मतलब है कि मिलकर लड़ना होगा। ऐसे में कांग्रेस के अन्दर अनावश्यक विवाद होना खुद उसके लिए नुकसानदेह है।

मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यह समझा और अभी दतिया के कार्यकर्ता सम्मेलन में दिग्विजय के साथ एक ट्रेन में गए। उस फोटो और विडियो को ट्विट किया। जीतू की इस राजनीतिक परिपक्वता से खुद उनका कद ऊंचा हुआ और मध्यप्रदेश कांग्रेस में वापस एकता की भावना आई।

दतिया में उप चुनाव है। वहां अगर कांग्रेस एक होकर चुनाव लड़ ली तो अपनी सीट कायम रख सकती है। 2023 में यहां कांग्रेस ही जीती थी। और हारे बीजेपी के उस समय के राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा थे। मगर बाद में जीते हुए कांग्रेस के राजेन्द्र भारती को एक कोर्ट ने तीन साल की सजा सुना दी। उसके बाद उनकी विधायकी खतम कर दी गई।

अब यहां 30 जुलाई को चुनाव है। सोमवार 6 जुलाई से नामांकन भरना शुरू हो जाएंगे। कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए प्रतिष्ठा का चुनाव है। कांग्रेस में वापस एकता, उत्साह और अगली विधानसभा के लिए उम्मीदों का माहौल बन जाएगा।

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री मोहन यादव के लिए अपना नेतृत्व साबित करने की चुनौती है। मुख्यमंत्री तो पर्ची से निकले नाम से बन गए थे। मगर उसके बाद विजयपुर में प्रतिष्ठा का बना उपचुनाव हार गए थे। बुधनी का एक जीता है। मगर वह शिवराज सिंह की सीट थी। जीत उनके खाते में ही गई। विजयपुर की हार मोहन यादव के खाते में है। उससे मुक्ति के लिए दतिया उपचुनाव मुख्यमंत्री के लिए अपनी प्रतिष्ठा बचाने का चुनाव है।

# पांच लाख तक कैशलेस इलाज का तोहफा,बल्दीराय से शुरू हुआ शिक्षक स्वास्थ्य कार्ड वितरण

**सुल्तानपुर। प्रदेश** के शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की शुरूआत बल्दीराय से हुई। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत स्वास्थ्य कार्डों का वितरण शुरू कर दिया गया। योजना के तहत पात्र शिक्षक,शिक्षामित्र,अनुदेशक और अन्य शिक्षा कर्मी अब अपने परिवार के साथ पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।बल्दीराय ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने स्वास्थ्य कार्ड वितरित कर योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।पहले चरण में बल्दीराय और धनपतगंज ब्लॉक के 10-10 शिक्षकों एवं अनुदेशकों को कार्ड सौंपे गए।खंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी ने बताया कि योजना का लाभ बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक,सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक,शिक्षामित्र,विशेष शिक्षक,अनुदेशक,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के वार्डेन,पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शिक्षक।



# सुरक्षित बैंकिंग को लेकर सुलतानपुर पुलिस का विशेष अभियान, बैंकों में की सघन चेकिंग

**सुलतानपुर। पुलिस** अधीक्षक श्रीमती चारू निगम के निर्देशन में बुधवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से व्यापक बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं तथा उनके आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की।चेकिंग के दौरान बैंक परिसरों के अंदर और बाहर बिना कारण खड़े संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की तलाशी लेकर उनसे पूछताछ की गई। पुलिस ने बैंक आने वाले ग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टप्पेबाजी, जेबकतरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए सतर्कता बरती।इसके साथ ही बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का भी निरीक्षण किया गया तथा हालिया फुटेज की जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए सुलतानपुर पुलिस ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और बैंक उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे।यदि चाहें ।



# जन्मदिन पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सुल्तानपुर-जन्मदिन को यादगार बनाने** के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने की पहल के तहत पूरे पलटन, भवानीगढ़ निवासी मीनाक्षी पुत्री अमिताभ यादव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर परिवार के साथ पौधरोपण किया।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना ही वास्तविक पर्यावरण सेवा है।

कार्यक्रम सहाई फाउंडेशन द्वारा संचालित "जन्मदिन मनाओ,पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। फाउंडेशन ने लोगों से इस जनअभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर जग ध्यान यादव सागर यादव गुलफाम आकाश अंकित प्रभाकर आयुषी नम्रता यादव अमरीन गंगाराम सरोज व परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।

